मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-14, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 235 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
09 फरवरी 2024 शुक्रवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
15 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर


# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## बजट सत्र का तीसरा दिन, आज अनुपूरक बजट पर भी चर्चा

# अवैध खनन को लेकर विधानसभा में हंगामा, मंत्री पर हमलावर हुई कांग्रेस



### विधानसभा सत्र 2024

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन आज अवैध खनन के मामले को लेकर जमकर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष ने अवैध खनन के मुद्दे पर सरकार को घेरना शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्यों के सवाल पर मंत्री दिलीप अहिरवार सदन में कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए कैमरे लगाएंगे, यह निर्णय मुख्यमंत्री ने लिया है। इससे अवैध खनन रोकने पर मदद मिलेगी। इस पर कांग्रेस के दिनेश राय मुनमुन, सुरेश राजे, विजय रेवनाथ चौरे, महेश परमार, शेखावत समेत अन्य विधायकों ने मंत्री पर भी निशाना साधा और कहा कि पहली बार के मंत्री सवाल का सही जवाब नहीं दे पा रहे हैं। भंवर सिंह शेखावत ने कहा- रेत और खनन माफिया न प्रशासन को और न ही शासन को कुछ मानता है। इसी दौरान सत्तापक्ष की ओर से मंत्री तुलसी सिलावट कुछ कहने के लिए खड़े हुए तो विधायक शेखावत ने उन्हें कहा कि आप बैठिए। उनके क्षेत्र में खनन करने वाला आपका मित्र है। इस मामले को लेकर सदन में काफी हंगामा रहा। सदन में आज एक आदिवासी किसान को बड़वानी जिले के पानसेमल तहसीलदार द्वारा थप्पड़ मारने का मुद्दा भी गूंजा। इस पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सदन में ही संबंधित तहसीलदार को निलंबित करने की घोषणा कर दी।

विस में आज प्रश्नकाल, शून्यकाल के बाद ध्यानाकर्षण भी होंगे। वहीं कल गुरुवार को पेश किए गए 30,265 करोड़ के अनुपूरक बजट पर लंच के बाद चर्चा नियत की गई है। इसमें पक्ष- विपक्ष के विधायक अपने वक्तव्य देंगे। आज सदन में सीहोर से भाजपा विधायक अहमदपुर गांव का नाम देवीपुरा करने के लिए अशासकीय संकल्प प्रस्तुत करेंगे।





### मुख्यमंत्री की दिल्ली से वापसी टली

*मुख्यमंत्री मोहन यादव की आज सुबह दिल्ली से भोपाल वापसी टल गई है। उनका उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ से मुलाकात के बाद भोपाल आने का कार्यक्रम निरस्त हो गया है, वे अब दिनभर दिल्ली में रहेंगे। जानकारों का कहना है कि यादव आज दिल्ली में कुछ और महत्वपूर्ण मुलाकातें कर सकते हैं। इसके अलावा वे दिल्ली से इंदौर भी जा सकते हैं जहां से झाबुआ जाकर प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेंगे। ज्ञात ो कि मोदी का 11 फरवरी को झाबुआ दौरा निरस्त होने की खबरें तैरने लगी थीं लेकिन आज पार्टी ने कहा है कि उनका दौरा यथावत रहेगा।*

### हम इंतजार करेंगे...




फोटो: निर्मल व्यास

कांग्रेस सरकार में महाधिवक्ता रहे शशांक शेखर ने भाजपा का दामन थाम लिया है लेकिन मप्र कांग्रेस के मुख्यालय में आज भी उनका इंतजार रहा। उनके विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष वाले कक्ष के सामने नेमप्लेट लगी रही। हालांकि कांग्रेस दफ्तर में नेमप्लेट लगने और हटाने में खासी तत्परता बरती जाती है और इसमे यदि देर होती है तो कई बार नेमप्लेट टूटी हुई भी नजर आती हैं। इसलिए आज चुटकी ली जाती रही कि अब भी शायद कांग्रेस को लगता है कि शशांक शेखर का मन बदल जाए.. !

## पाकिस्तान में अटके चुनाव नतीजे

# जीतते-जीतते हारने लगी इमरान की पार्टी, चुनाव आयुक्त गायब!

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**

पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद वोटों की गिनती में कई मोड़ आ रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने की तैयारी कर रहे नवाज शरीफ अपनी दोनों सीटों पर फंसे हुए हैं। अब तक सामने आए नतीजों के मुताबिक पांच सीटों पर इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ जीत दर्ज कर चुकी है। नवाज की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज को 4 सीटों पर जीत मिली है। वहीं, तीन सीटों पर पीपीपीपी ने जीत हासिल की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 154 सीटों पर इमरान की पार्टी आगे चल रही है। मतगणना के बीच पाकिस्तान में हालात इतने तनावपूर्ण हो गए हैं कि पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त के गायब होने की बात सामने आ रही है। इस दावे ने पाकिस्तान में चुनावी साजिश की आशंका बढ़ा दी है। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा ने सभी रिटर्निंग ऑफिसर को आखिरी परिणाम देने के लिए 30 मिनट की समय सीमा दी थी। उन्होंने कहा था कि ऐसा ना करने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। मतगणना के परिणामों में देरी पर पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय (गृह मंत्रालय) ने कम्युनिकेशन की कमी को जिम्मेदार ठहराया है।




### क्यों उठ रहे सवाल

दरअसल, आमतौर पर पाकिस्तान में चुनाव के बाद ही मतगणना शुरू हो जाती है, हर बार मतगणना वाले दिन देर रात तक काफी कुछ स्पष्ट हो जाता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। अब तक ज्यादातर सीटों पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। शुरुआत में जिन सीटों पर इमरान खान की पार्टी जीत का दावा कर रही थी, अब उन सीटों पर चुनाव आयोग नवाज शरीफ की पार्टी को बढ़त दिखा रहा है। ज्ञात हो कि पाकिस्तान में 336 में से 266 पर ही मतदान हुआ है।

## चुनाव से पहले सरकार जुटी तैयारी में

# डीपफेक के गलत इस्तेमाल को रोकने हर थाने में होगा खास टूल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दुनियाभर में बड़ी चुनौती बनता जा रही डीपफेक तकनीक गलत जानकारियों को फैलाने या फिर किसी को बदनाम करने में भी काम आने लगी? है। इसलिये सरकार को बड़ा डर चुनावों में इसके इस्तेमाल का है। इसे लेकर सरकार ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। खबरों की मानें तो सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले डीपफेक डिटेक्शन एक्सपर्ट्स की टीम तैनात करेगी। इस संबंधा में गृह मंत्रालय का साइबर विंग डिपार्टमेंट जल्द ही डीपफेक डिटेक्शन टूल लेकर आ रहा है।

जानकार सूत्रों के मुताबिक इस पर बड़े स्तर पर काम चल रहा है, जिसमें ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट और इंडियन साइबरक्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर डिपार्टमेंट रिसर्च करके डीपफेक डिटेक्शन टूल बना रहा है। देशभर के हर एक साइबर थाने में इस डिटेक्शन टूल को पुलिस को सौंप जाएगा। इसके आधार पर डीपफेक वीडियो को डिटेक्ट करने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि डीपफेक को वीडियो



एडिटिंग या फोटो मॉर्फिंग का बेहतर वर्जन समझा जा सकता है। इस तरह के वीडियो में किसी शख्स की पब्लिक फोटोज और वीडियो की मदद से एक गलत वीडियो तैयार किया जाता है। इस तरह की वीडियोज का मकसद किसी को बदनाम करना या फिर गलत जानकारी फैलाना हो सकता है।

# काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारी को 90हजार वेतन



**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी को बतौर मानदेय 90 हजार रुपये मिलेंगे। कनिष्ठ पुजारी को 80 हजार और सहायक पुजारी को 65 हजार रुपये का मानदेय दिया जाएगा। मंदिर न्यास की 105 वीं बैठक में 41 साल बाद पुजारी सेवा नियमावली को लेकर सहमति बन गई है। यह भी निर्णय लिया गया है कि मंदिर में पुजारियों के कुल 50 पद होंगे और इस पर भर्ती के लिए विज्ञापन भी जारी किया जाएगा। जिले के सभी संस्कृत के छात्रों को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर मुफ्त में ड्रेस और पुस्तकें देगा। पहली बार मंदिर संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिता भी कराएगा।

## बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी और मीसा-हेमा को राहत

**नई दिल्ली।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। कोर्ट ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में तीनों को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दे दी है। विशेष कोर्ट (धन शोधन निवारण अधिनियम) ने मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत के बाद बिहार की लालू परिवार के कई सदस्यों को समन किया था। इसमें लालू यादव की पत्नी राबड़ी, उनकी बेटियां मीशा और हेमा शामिल थीं।

## 18 दिन में दोबारा अयोध्या दर्शन को पहुंचे अमिताभ

**अयोध्या।** महानायक अमिताभ बच्चन आज फिर अयोध्या में है। उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी भी लगाई है। 19 दिनों के भीतर वे दूसरी बार अयोध्या पहुँचे हैं। इससे पहले 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वे शामिल हुए थे। भारी सुरक्षा प्रबंधों के बीच उन्होंने राम जन्म भूमि परिसर में प्रवेश किया और पूजा अर्चना की। ट्रस्ट के पदाधिकरियो ने भी अमिताभ बच्चन का अभिनंदन किया। दर्शन पूजन करने के बाद अमिताभ बच्चन मंडलायुक्त आवास पहुंचे।



### आज का कार्टून




## पुलिस व ननि कर्मियों पर हमला

# उत्तराखंड में हिंसा, थाने का रिकार्ड जला, 6 मौत व तीन सौ घायल

**देहरादून, एजेंसी।**

उत्तराखंड के हल्द्वानी में भड़की हिंसा में मरने वालों की संख्या 6 पहुंच गई है तथा करीब तीन सौ लोग घायल हैं। यहां पुलिस सरकारी जमीन पर बने अवैध मदरसे और नमाज स्थल को हटाने पहुंची थी। पहले कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव किया। देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गए। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इसके बाद कर्फ्यू लगाकर देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए गए। आज बाजार एवं सभी स्कूलों को बंद रखने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। नैनीताल डीएम वंदना सिंह ने सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशासन का पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश पर पुलिस अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इसी दौरान सुनियोजित तैयारी से हमला किया गया, पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने की



कोशिश की गई। यह मामला हल्द्वानी में बनभूलपुरा का है। इस उपद्रव में 70 से अधिक वाहनों को जला दिया गया है। बनभूलपुरा थाने में आग से कई साल पुराने रिकॉर्ड भी जलकर खाक हो गए हैं। बताया जा रहा है कि टीम ने कब्जा हटाने की योजना तो बना ली, लेकिन इलाके की तंग गलियों का चक्रव्यूह समझने में चूक गई। यही भूल, उसके लिए आत्मघाती साबित हुई।

## नरसिम्हा राव, चरण सिंह व स्वामीनाथ को भी अब भारत रत्न

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अब पूर्व पीएम नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को को भारत रत्न देने का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने खुद एक्स पर पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी। मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।' ज्ञात हो हाल में सरकार ने कर्पूरी ठाकुर व लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न देने का ऐलान किया है।

**सियासत** — लोकसभा चुनाव से पहले केन्द्र सरकार के नए टेंशन...

# दिल्ली की सरहद पर किसान, मोर्चे पर कर्मचारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के ऐन पहले किसानों का आक्रामक रूख और कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन के लिये लामबंदी सरकार की मुश्किलों को बढा सकती है। 'पुरानी पेंशन' बहाली के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे कर्मचारी संगठनों ने केंद्र सरकार को ओपीएस लागू करने के लिए अब छह सप्ताह का अल्टीमेटम थमा दिया है। इस अवधि में पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती है, तो देशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगी। इस स्थिति में रेल संचालन और रक्षा क्षेत्र के उद्योगों सहित तमाम सरकारी विभागों में कामकाज बंद हो जाएगा। संगठनों की मानें तो कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की बैठक में यह फैसला हो गया है। केंद्रसरकार को अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस देने और स्ट्राइक की तिथि घोषित करने के लिए दो दिन के भीतर एक कमेटी गठित होगी। एआईडीईएफ के महासचिव सी. श्रीकुमार के मुताबिक, लोकसभा चुनाव से पहले 'पुरानी पेंशन' लागू नहीं होती है, तो भाजपा को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती है, तो देशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो जाएगी। इस स्थिति में रेल संचालन और रक्षा क्षेत्र के उद्योगों सहित तमाम सरकारी विभागों में कामकाज बंद हो जाएगा

केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों के कर्मचारी, पुरानी पेंशन बहाली के लिए गत वर्ष से ही आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने विभिन्न तरीकों से अपनी बात, सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है। एनजेसीए की संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य और एआईडीईएफ के महासचिव सी. श्रीकुमार का कहना है, रामलीला मैदान में गत वर्ष दस अगस्त को सरकारी कर्मियों की विशाल रैली हुई थी। फिर अक्तूबर में रामलीला मैदान में ही 'पेंशन शंखनाद महारैली' हुई। वे कहते हैं कि चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए कर्मचारी संख्या निर्णायक है।



### रेल्वे के 11 लाख कर्मचारी हड़ताल को तैयार

*खास बात यह है कि देश के दो बड़े कर्मचारी संगठन, रेलवे और रक्षा (सिविल) ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए अपनी सहमति दे दी है। रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने तैयार हैं। इसके अलावा रक्षा विभाग (सिविल) के चार लाख कर्मियों में से 97 फीसदी कर्मी हड़ताल के पक्ष में हैं। 20 और 21 नवंबर को 400 डिफेंस यूनिट, 7349 रेलवे स्टेशन, मंडल व जोनल दफ्तर, 42 रेलवे वर्कशॉप और सात रेलवे प्रोडेक्शन यूनिटों पर स्ट्राइक बैलेट के तहत वोट डाले गए थे।*

### भोपाल रेल मंडल ने 10 माह में टिकट जांच में यात्रियों व बिना टिकट वालों से जुर्माने में वसूली राशि

# पहले बिना जांच के स्टेशन व ट्रेनों में प्रवेश, फिर 38.96 करोड़ वसूले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



वैसे तो स्टेशनों के अंदर बिना जांच के प्रवेश ही नहीं कर सकते, क्योंकि मुख्य प्रवेश द्वार पर ही जांच टीम खड़ी रहती है। यहां से आगे बढ़ भी जाते हैं तो यह टीम प्लेटफार्मों पर भी पकड़ सकती है लेकिन भोपाल समेत अन्य मंडलों में बिना जांच के यात्रियों को प्रवेश दिया जाता है। यह एक रणनीति के तहत किया जा रहा है ताकि प्लेटफार्म के अंदर व ट्रेनों में सफर के दौरान ऐसे यात्रियों को पकड़कर जुर्माना वसूला जा सके जो तय मापदंड का टिकट लेकर नहीं चढ़े। भोपाल रेल मंडल ने पिछले 10 महीने में यही किया। टिकट जांच के नाम पर 38.96 करोड़ रुपये जुर्माने के रूप में वसूले हैं। यह बहुत बड़ी रकम है।

रेलवे मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भोपाल समेत विभिन्न मंडल मुख्य प्रवेश द्वारों पर ही बिना टिकट वाले यात्रियों को रोक लेते तो उन्हें इतनी बड़ी रकम जुर्माने के रूप में नहीं चुकानी पड़ती है। रेलवे मामलों के जानकारों का कहना है कि रेल अधिकारियों के सामने राजस्व वसूली का टारगेट है, जिसे पूरा करने के लिए ये अधिकारी पहले ढिलाई देते हैं, जब ऐसे यात्री स्टेशन व ट्रेनों के अंदर दाखिल हो जाते हैं तो कमाई करते हैं।

### वसूली के बाद यात्रियों से अनुरोध !

रेलवे के अधिकारियों द्वारा रिकार्ड जुर्माना वसूली के बाद अनुरोध किया है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करे। ताकि बाद में जुर्माने की कार्रवाई की नौबत न पड़े। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक प्रतीक्षा सूची ई-टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार प्लेटफॉर्म टिकट भी यात्रा के लिए अनुमत नहीं है। अतः प्रतीक्षा सूची ई-टिकट अथवा प्लेटफॉर्म टिकट लेकर यात्रा न करें। स्टेशन प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्रा से पूर्व अपने सामान को बुक कराएं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### कब कितना जुर्माना वसूला

भोपाल रेल मंडल के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 के 10 माह ( अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक ) में बिना टिकट /अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों के 316314 मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 24,03,99,755/- वसूल किया गया। अनियमित टिकट यात्रियों के 302676 मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 14,86,93,440/- वसूल किया गया। इसी प्रकार बिना बुक कराए सामान के साथ यात्रा करने के 2923 मामले पकड़े गए, जिनसे रुपये 6,05,880/- वसूला गया। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष के 10 माह ( अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक ) की अवधि में बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों के कुल 631913 मामले पकड़े गए, जिनसे कुल रुपये 38,96,99,075/- रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

### एमपी बोर्ड : आज 10वीं का संस्कृत का पेपर

# 12वीं के अंग्रेजी के पेपर में 15 विद्यार्थी नकल करते पकड़ाए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। नकल रोकने के लिए इस बार माशिमं और स्कूल शिक्षा विभाग ने कड़ी व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन इस बाद भी नकल पर लगाम नहीं लगा पाए हैं।**

गुरुवार को कक्षा बारहवीं के अंग्रेजी के पेपर में प्रदेशभर में 15 नकल प्रकरण बनाए गए हैं। इसमें भोपाल जिले के 5 नकल प्रकरण शामिल है। वहीं शुक्रवार को दसवीं में संस्कृत विषय का पेपर हुआ। परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 बजे तक रहा। विद्यार्थी एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचे, जिसके बाद कड़ी जांच के बाद उन्हे परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। वहीं बारहवीं में आगामी पेपर 10 फरवरी शनिवार को ड्राइंग एंड डिजाइनिंग का होगा।



### इधर कई विद्यार्थियों का भविष्य अधर में

माशिमं द्वारा प्रदेश भर के छात्रों को बार-बार मांग करने के बाद विषय बदलने की सुविधा नहीं दी गई, इससे उनका भविष्य दाव पर लगा हुआ है। जबकि इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश से एक छात्रा को राहत मिल गई। जानकारी के अनुसार इंदौर की एक छात्र को विषय परिवर्तन की सुविधा नहीं मिली, तो उसने हाईकोर्ट की शरण ली।

हाईकोर्ट इंदौर की खंडपीठ ने गणित विषय से छात्र को विषय बदलने की अनुमति देते हुए बायोलाजी विषय से परीक्षा दिलाने के आदेश जारी किए। लेकिन कई छात्रों ने स्कूल प्राचार्य व माशिमं इसकी शिकायत की थी, जिन्हे विषय बदलने की अनुमति नहीं दी गई। जिससे अब इन विद्यार्थियों का रिजल्ट बिगड़ सकता है।

### नजीराबाद परीक्षा केंद्र से पकड़े

राजधानी में 12वीं की अंग्रेजी परीक्षा 103 परीक्षा केंद्रों पर हुई। परीक्षा कक्ष में प्रवेश सुबह 8:40 बजे तक दिया गया। परीक्षा देकर निकले विद्यार्थियों ने पेपर सामान्य बताया। परीक्षा के दौरान राजधानी में प्रदेश के सबसे ज्यादा पांच नकलची पकड़े गए। यह नकल के मामले उडनदस्ते की टीम ने नजीराबाद परीक्षा केंद्र से पकड़े। उडनदस्ते की विशेष टीम निरीक्षण करने पहुंची, तो अलग-अलग कक्षों से पर्ची् से नकल करते हुए पांच विद्यार्थियों को पकड़ लिया गया।

### पुलिस कमिश्नर-श्रम अधिकारी को जांच के निर्देश

# कंपनी फरार, कर्मचारियों का वेतन-पीएफ अटका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर के संजीवनी क्लीनिक्स पर काम करने वाले 85 से ज्यादा संविदा कर्मचारियों के छह माह के वेतन और पीएफ के पैसे नही देने और कंपनी के फरार होने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग ने पुलिस कमिश्नर और जिला श्रम अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने दोषी कम्पनी, संचालकों के विरूद्ध की गई कार्यवाही एवं हितग्राहियों को अवशेष वेतन राशि के भुगतान के सम्बन्ध में प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि कर्मचारियों को वेतन देने की जिम्मेदारी जबलपुर की श्री बर्फानी सिक्योरिटी सर्विसेज एजेंसी की थी। कम्पनी ने पैसे ना देकर फरार हो गई। कर्मचारी अपनी बकाया राशि के लिये कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काटना पड़ रहा है।

### सड़क खोदी, पर नहीं किया रेस्टोरेशन, रहवासी परेशान

भोपाल शहर के गौतम नगर क्षेत्र में गैस पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी के लापरवाहीपूर्वक कार्य करने का मामला सामने आया है। कंपनी ने चेतक ब्रीज के पास पाइन लाइन के लिये गड्ढे करके छोड़ दिये है, जिसके कारण क्षेत्र के रहवासियों को आवाजाही करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आयोग ने आयुक्त, नगर निगम भोपाल से मामले की जांच कराकर त्रुटिकर्ता कम्पनी के विरूद्ध कार्यवाही के साथ खोदी गई सड़क का रेस्टोरेशन शीघ्र किये जाने के संबंध में 15 दिन में जवाब मांगा है।

### इन मामलों में भी मांगा जवाब

आयोग ने सुभाष नगर में हेयर सैलून में बाल कटवाने पहुंचे कैटरिंग संचालक पर एक युवक द्वारा उस्तरे से हमला करने और पॉलिटेक्निक चैराहे से डिपो चैराहे तक स्मार्ट सिटी रोड़ पर शाम के वक्त होते ही असामाजिक तत्व और नशाखोरो के जमा होने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं।

### खेल भावना से बढ़ता है आत्म विश्वास : रघुनंदन

# डेटानी संभागीय वालीबॉल स्पर्धा शुरू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय संतनगर में श्री अजीत डेटानी की स्मृति में आठवीं अंतर महाविद्यालयीनप संभाग स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार से तीन दिन स्पर्धा की शुरूआत हो गई है।

प्रतियोगिता के पहले दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रधुनंदन शर्मा, अध्यक्ष मानस भवन एंव पूर्व राज्य सभा सांसद, विशिष्ट अतिथि राजेश हिंगोरानी एवं केलाश जोशी (पार्षद) ने परंपरागत तरीके से किया। शर्मा ने कहा कि खेलो का जीवन में बहुत महत्व है। खेला भावना से आत्म विश्वास को बल मिलता है। विशिष्ठ अतिथि एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने अजीत डेटानी को याद करते हुए खेलों के महत्व एवं उससे व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला। महा सचिव राजेन्द्र मनवानी ने अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के साधु वासवानी एज्युकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी ने कहा कि इस



प्रतियोगिता का आयोजन उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति प्रोत्साहन देने का एक प्रयास है जो कि पिछले 7 वर्षौं से इस आयोजन के माध्यम से कर रहे हैं । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल सिंह ने अपने स्वागत भाषण दिया।

महाविद्यालय के खेल सचिव इन्द्र आडवानी ने बताया है कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्वाटर फाइनल के मैच खेले जाएंगे । कार्यक्रम का संचालन डॉ डीके दुबे ने किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, प्रंबधन समिति, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### आज यह हुए मैच

उद्घाटन मैच की टीमों एल.एन.मेडिकल कॉलेज एंव भोपाल कारपोरेशन के टीम सदस्यो से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत फीता काटकर की । उद्घाटन मैच में भोपाल कारपोरेशन ने रोमाचक मुकाबले मे एल.एन.मेडिकल को 3 सेटो के मेच मे 2-1 से हराया को 25-06 एवं 25-10 से हरा दिया । प्रतियोगिता का दूसरा मैच साधु वासवानी कॉलेज एंव पंडित खुशीलाल के बीच खेला गया, जिसमे पंडित खुशीलाल ने 25-15 एंव 25-21 से मैंच अपने नाम किया वही सी.टी.ओ भोपाल एंव कमल नाथ कॉलेज के बीच खेला गया,जिसमें कमल नाथ कॉलेज विजयी रहा ।

### बेरोजगारी के खिलाफ कैंपेन



**भोपाल।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से बेरोजगारी के खिलाफ शुरू हो रहे महाअभियान के कैंपेन लॉन्चिंग से जुड़ने मप्र युवा कांग्रेस ने किया मिस्ड कॉल नंबर 8860812345 आज जारी किया। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा इस महीने के तीसरे सप्ताह में मध्यप्रदेश में दाखिल हो रही है और लगभग आठ दिन मध्यप्रदेश के विभिन्न इलाकों से गुजरेगी।

# टैंपल ऑफ संबोधि में कलश स्थापना, अखंड जोत जलेगी




गुप्त नवरात्रि पर मंत्र साधना करेंगे साधक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

टैम्पल ऑफ संबोधि में गुप्त नवरात्रि में कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योति की स्थापना होगी। साधक 10 महाविद्याओं की गुप्त साधन करेंगे। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से गुप्त नवरात्र साधना शुरू हो रही है, जो 10 से 18 फ़रवरी तक चलेगी। कर्म स्थल परिवार ने निर्णय लिया गया है कि 10 फ़रवरी सुबह 9 बजे कलश स्थापना एवं अखंड ज्योति की स्थापना भी होगी। साधक सामूहिक महाआरती संबोधि में करेंगे। मंत्र साधना गुप्त रूप से अपने निवास स्थान पर करेंगे।

वेदांत विचारक लालसाई ने बताया है कि साल में चार नवरात्रि आती है इसमें दो प्रकट नवरात्रि चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि जिसमें देवी के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। इसके अलावा दो गुप्त नवरात्रि भी आती है। एक माघ महीने की नवरात्रि दूसरी आषाढ़ मास की नवरात्रि जिसमें 10 महाविद्याओं की आराधना की जाती है।

### मेट्रो एंकर | उपाध्यक्ष के लिए 11 फरवरी को होगा चुनाव

# सिंधी सेंट्रल पंचायत के नए अध्यक्ष बने किशोर, हरीश को महासचिव पद

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी समाज की प्रतिनिधि संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के त्रिवर्षीय चुनाव हुए, जिसमें किशोर तनवानी को अध्यक्ष और हरीश नागदेव महासचिव चुना गया, शपथ ग्रहण 25 फरवरी को होगा। निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा चुनाव अधिकारी कन्हैयालाल दलवानी ने की। सचिव- दिनेश मेघानी, लखन दादलानी, रवि भूरानी, हरी रोहरा, मनोज नाथानी, कोषाध्यक्ष राजेश भूरानी, ऑडीटर दर्शन कुकरेजा, सह कोषाध्यक्ष पंकज छुगानी को चुना गया।

**शपथ ग्रहण समारोह 25 फरवरी को होगा**



उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन नहीं हो सका। पांच पदों के लिए छह उम्मीदवार होने और एक भी नामांकन वापस न होने पर चुनाव का फैसला लिया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार 11 फरवरी को सुंदर वन में चुनाव होंगे। पंचायत के चुने गए पदाधिकारियों का स्वागत ढोल-ढमाकों और शाल श्रीफल देकर किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशोर तनवानी ने सभी के सहयोग की अपेक्षा की और सभी को साथ लेकर काम करने वादा किया। तनवानी ने कहा कि जल्द ही महिला विंग की भी घोषणा की जायेगी। निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आगामी 25 फरवरी को होगा ।

इस अवसर पर शहर की अधिकांश मोहल्ला पंचायतों के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल ने किया सम्मानित

# दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में मिठी के मोहित डे को द्वितीय स्थान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठ्ठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत् एनसीसी कैडेट मोहित डे ने आर.डी.सी. -2024 परेड में मध्यप्रदेश और छतीसगढ़ का नेतृत्व किया, जिसमें समस्त भारत से आए हुए कैडेट्स ने भाग लिया था । इस परेड में मोहित डे ने राष्ट्रीय स्तर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

मोहित डे के मेंटर मिठ्ठी गोबिंदराम स्कूल के एन.सी.सी. अधिकारी एवं प्रशिक्षक संत शर्मा ने बताया कि मोहित डे ने दिल्ली के कर्तव्य पथ पर जाने से पहले 10 कैम्प उत्तीर्ण किये हैं, जिनमें एनसीसी कैम्प, एटीसी कैम्प, पीआरडीसी कैम्प साथ में ड्रिल, फायरिंग बोट पुलिंग, ग्राउंड डिस्कशन और इंटरव्यू जैसी परीक्षाएं सम्मलित हैं।



कर्तव्य-पथ परेड दौरान मोहित डे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीफ ऑफ एयर स्टॉफ, एनसीसी हेड आदि व्यक्तित्वों से मिले। मोहित को मध्यप्रदेश शासन ने राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने मेडल प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रु. 30,000 का चैक भी मोहित को दिया है।

शहीद हेमू कालानी सोसायटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊजी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, सह-सचिव के एल रामनानी, कोषाध्यक्ष भगवान दामानी, वरिष्ठ सदस्य घनश्याम बूलचंदनी, डायरेक्टर अकादमिक गोपाल गिरधानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने बधाई दी है।



# राघौगढ़ का हनुमान मंदिर, दिग्विजय का अनुरोध और वीडी की रात!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के बीच राजनीतिक अदावत काफी दिनों से चल रही है। बीती रात शर्मा ने दिक्विजय के क्षेत्र राघौगढ के ग्राम आवन में रात गुजारी। यह भाजपा के गांव चलो अभियान की शुरूआत का मौका था। शर्मा ने श्री संकट मोचक हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन किया, इसके पश्चात श्रीराम जानकी मंदिर में दर्शन कर गांव चलो अभियान की शुरूआत की। शर्मा ने कहा कि आवन गांव की जनता कांग्रेस और दिग्विजय सिंह से पूछ रही है कि अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण क्यों ठुकराया? आवन गांव के 331 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान मिले हैं यह बहुत बड़ी बात है।

### दिग्विजय ने किया था अनुरोध



खास बात यह है कि कल शाम ही दिग्विजय सिंह ने ट्वीट किया था कि शर्मा इस मंदिर में जरूर जाएं। उन्होंने कहा – मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि शर्मा मेरे पूर्व विधानसभा क्षेत्र राघौगढ़ ग्राम आवन के बूथ क्रमांक 94, 95, 96 से 'गांव चलो अभियान' का शुभारम्भ कर रहे हैं और वहीं विश्राम भी करेंगे। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि वे हनुमानजी के दर्शन कर हमारे वेद पाठशाला संस्थान में अवश्य पधारें और वहीं विश्राम भी करें। मैं यह भी बताना चाहूंगा की इस संस्थान को लगातार तीसरे वर्ष देश के सभी वेद पाठशालाओं में से द्वितीय स्थान मिल रहा है।

### लोकसभा चुनाव के पहले आयोग ने अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की

# प्रदेश में 3.56 लाख मतदाता बढ़े, विस चुनाव में थे 5.64 करोड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**प्रदेश में 3.56 लाख मतदाता बढ़े है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी पुरुष मतदाताओं में हुई तो महिला मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी बढ़ी है लेकिन थर्ड जेंडर मतदाताओं में 55 की कमी आई है। आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले प्रकाशित की अंतिम मतदाता सूची में यह जानकारी मिली है। आयोग के मुताबिक प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 64 लाख 15 हजार 310 हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 तहत मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी। साथ ही फोटो निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की सीडी उपलब्ध कराई। अब जो मतदाता छूट गए हैं वे आयोग को ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं, उनके नाम भी जोड़े जाएंगे।**



फाइल फोटो

### प्रदेश में पुरुष मतदाता अधिक

प्रदेश में पुरुष मतदाता 2 करोड़ 89 लाख 51 हजार 705 व महिला मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 73 लाख 87 हजार 122 है, जबकि थर्ड जेंडर मतदाता 1237 है। वहीं सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 75 हजार 246 है, जिसमें 72 हजार 949 पुरुष एवं 2 हजार 297 महिला मतदाता है।

### कांग्रेस की अपील- नाम काटा हो तो करें शिकायत

इधर, प्रदेश कांग्रेस की ओर से विभाग के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने आम नागरिकों व कांग्रेस जनों से अपील की है कि सूची देख ले और यदि नाम काटा गया हो तो संबंधित बीएलओ की शिकायत करें। साथ ही आयोग से प्रमाण भी लें कि उनका नाम किस वजह से काटा गया। असल में पूर्व में नगरीय निकाय व विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने के कारण मतदाताओं को परेशान होना पड़ा था, इसी बात को भूपेंद्र गुप्ता ने याद दिलाते हुए अंतिम सूची में अपना और अन्य मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करने की अपील की है।

### प्रदेश में कब कितने मतदाता बढ़े-घटे

**विधानसभा चुनाव-2023 के समय**

55983139 मतदाता थे प्रदेश में
28782261 पुरुष मतदाता थे
27199586 महिला मतदाताएं थीं
1292 थर्ड जेंडर मतदाता थे

### 8 फरवरी को आयोग ने बताई ये संख्या

56340064 मतदाता हैं प्रदेश में अब
28951705 पुरुष मतदाता है
27387122 महिला मतदाता हो चुकी
1237 थर्ड जेंडर मतदाता है

### विधानसभा चुनाव से लेकर 8 फरवरी 2024 तक की स्थिति

356925 मतदाता बढ़े
169444 पुरुष मतदाता बढ़े
187536 महिला मतदाता बढ़ीं
55 थर्ड जेंडर मतदाता घटे ऐसे जुड़वाएं नाम

आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें।

क्षेत्र के बीएलओ को ऑफलाइन आवेदन भी दे सकते हैं।

# पशुपालन मंत्री बोले- गौशालाओं को स्वावलंबी बनाया जाएगा



### पशुपालन मंत्री ने ली राज्य पशु कल्याण सलाहकार मंडल की बैठक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा है कि गोशालाओं को स्वावलंबी बनाया जाएगा, जिससे वे स्वयं का खर्च उठा सकें। इसके लिए जन जागृति अभियान चलाया जाएगा और शासन की ओर से उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। पशुपालन मंत्री लखन पटेल पशुपालन एवं डेयरी संचालनालय में राज्य पशु कल्याण सलाहकार मंडल की बैठक ले रहे थे।

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में गौशाला में उत्पादित होने वाले उत्पादों के विक्रय के लिए प्रत्येक जिले में विक्रय केंद्र स्थापित किए जाएं। साथ ही गोबर एवं गोमूत्र से बनने वाले जैविक खाद, बायोगैस, कंडे, गोनाइल तथा अन्य उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जन जागृति की जाए। गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए अनुदान पर बेलर मशीन, स्ट्रॉ रीपर, चेफ कटर उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। गौशालाओं में बिजली के बिल की राशि कम करने के लिए प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना अंतर्गत गौशालाओं में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएं। बैठक में मार्गो राजमार्गो पर विचरने वाले निराश्रित गोवंश की समस्या के समाधान के लिए चर्चा की गई। इसके समाधान के लिए सुझाव दिया कि निराश्रित घूमने वाले गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में रखे और उनके पालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर दंड अधिरोपित किया जाए। गौशालाओं को कांजी हाउस का दर्जा देने संबंधी सुझाव पर भी कार्य किया जाएगा।

# 9वीं और 11वीं में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय की परीक्षा कल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा शनिवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय सुबह 11 से 2 बजे तक रहेगा। भोपाल में इस परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। सीबीएसई ने परीक्षा पैटर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इसके अनुसार कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रश्नपत्र द्विभाषीय होगा और उत्तर ओएमआर शीट में अंकित करने होंगे।

# विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं। यहां पहुंचने वाले मरीजों को समय पर उचित इलाज नहीं मिल रहा है, इन्हें जिला अस्पताल रेफर कर देते हैं लेकिन प्रदेश के कई जिला अस्पतालों में भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है या इनकी संख्या जरुरत से कम है। जिसके कारण यहां से भी मरीजों को हमीदिया व एम्स जैसे अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। या फिर मरीज जान बचाने के लिए निजी अस्पतालों की सेवाएं लेने को मजबूर है।

### उप मुख्यमंत्री ने मांगा नियुक्ति प्रस्ताव



### उपमुख्यमंत्री ने मांगा भर्ती प्रस्ताव

इधर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती के लिए अधिकारियों से प्रस्ताव मांगा है। समीक्षा बैठक के दौरान गुरुवार को उन्होंने ये निर्देश दिए हैं। प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्रथम संदर्भन इकाई (एफ़आरयू) के रूप में विकसित करने की गाइडलाइन के तहत विशेषज्ञों की भरपाई के निर्देश दिए है। उन्होंने बैठक में कहा कि प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुदृढ़ करने के और प्रयास करें। मैनपावर उपलब्धता के लिए विकल्प तलाशे। सीधी भर्ती, संविदा, बंध पत्र, आउटसोर्स समस्त उपलब्ध माध्यमों के आधार पर प्रस्ताव दे। सतना मेडिकल कॉलेज से संबद्ध चिकित्सालय के निर्माण कार्य, सिंगरौली में एमसीएच के निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति की समीक्षा कर शीघ्र कार्य निष्पादन करे और तकनीकी अथवा अन्य किसी औपचारिकता की कमी से कार्यों में देरी न होने दे।

### सेना भर्ती कार्यालय ने किया तारीख संशोधन, 15 जिले शाामिल

# अग्निवीर भर्ती के आवेदन अब 13 फरवरी से होंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सेना भर्ती कार्यालय द्वारा सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना 13 फरवरी को इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। पूर्व में इसके लिए 8 फरवरी से 21 मार्च तिथि नियत थी, जिसमें संशोधित करते हुए भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अब 13 फरवरी से प्रारंभ होकर 23 मार्च तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर (पुरुष) की जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेड्समैन आठवीं पास, ट्रेड्समैन दसवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा, हवलदार एस.ए.सी और धर्मगुरु के पदों के लिए जारी किया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा अप्रैल और मई में होने की संभावना हैं। सेना मुख्यालय ने संशोधन करके सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अधिकार क्षेत्र में अब कुल 15 जिलों को सम्मिलित किया गया है, जिनमें भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, हरदा, राजगढ, रायसेन, सीहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर, पन्ना, दमोह, नरसिंहपुर और पांढुर्ना हैं।



**मेट्रो एंकर** | सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

# 'दीदी कैफे की तर्ज पर दिव्यांगजन को भी कैफे-रोजगार से जोड़ा जाएगा'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि विभाग की पेंशन योजनाओं के साथ-साथ शिक्षा और रोजगार प्रोत्साहन योजनाओं को भी विभागीय पोर्टल से जोड़ा जाये। उन्होंने दिव्यांगजन को रोजगार मुहैया कराने के लिए दीदी कैफे के तर्ज पर संभाग और जिला मुख्यालय पर कैफे सेंटर खोले जाने तथा विभाग के योग्य कर्मियों के उच्चपद का प्रभार दिए जाने के यह निर्देश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग की समीक्षा में दिये। बैठक में प्रमुख सचिव सचिन सिन्हा उपस्थित थे।

मंत्री कुशवाह ने कहा कि दिव्यांगजन को रोजगार गतिविधियों से जोड़ने से उनका आत्म-सम्मान और आर्थिक आत्म निर्भरता बढ़ेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को रोजगार प्रोजेक्ट तैयार किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आवश्यक होने पर भारत सरकार से भी सहयोग प्राप्त लिया जायेगा। पेंशन और अनुदान योजनाओं के साथ दिव्यांगजन हेतु सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी और योजना का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध किए जाए।



मंत्री कुशवाह ने राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना में गति लाने के लिए योजना को संबल योजना के साथ चलाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन निराश्रित और वृद्धजनों के लिए संचालित संस्थाओं का सत्यापन अभियान चलाकर कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगजन को शासन की योजना के तहत स्कूटी प्रदाय की गई है उनकी गाड़ी की सर्विसिंग और मरम्मत के लिए जिला स्तर पर कैम्प आयोजित कराने के निर्देश भी दिये। आयुक्त सामाजिक न्याय आरआर भौंसले ने बताया कि विभाग द्वारा विभिन्न पेंशन योजनाओं में प्रतिमाह 56 लाख हितग्राहियों को 341 करोड़ की राशि प्रदान की जा रही है। चालू वर्ष में दिसम्बर माह तक 3013 करोड़ की राशि ऑनलाइन पेंशन के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में स्थानांतरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत 54 हजार 56 हितग्राहियों को 297 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। प्रदेश में ट्रांसजेंडर के लिए पहचान पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाओं की तिथियों के निर्धारण के लिए जिला कलेक्टर्स को अधिकृत किया है जो प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर तिथियां निर्धारित करेंगे।



## सुविचार

''मनुष्य को हमेशा मौका नहीं ढूंढना चाहिए, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# परीक्षाओं में गड़बड़ियां


देश में यूवाओं के लिये होने वाली तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल, पेपर लीक और दूसरी गड़बड़ियां रोकने के लिए लोकपरीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) विधेयक एक गंभीर समस्या से निपटने की कोशिश है। यह विधेयक लोकसभा से पारित हो गया और अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाना है। लोकसभा में इस पर बहस के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष का जो रचनात्मक रुख रहा और जिस तरह की स्वस्थ बहस इस पर हुई, उसकी भी तारीफ की जानी चाहिए। मगर यह एक बड़ी समस्या है और इसकी जड़े अंदर तक धंसी हैं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि इस नए कानून के आने के बाद इसे लागू किस तरह से करवाया जाता है और यह वास्तव में कितना कारगर साबित होता है। दरअसल पिछले कुछ वर्षों में सरकारी नियुक्तियों के लिए होने वाली परीक्षाओं में गड़बड़ियों का जैसे ट्रेंड ही चल पड़ा है। बड़ी संख्या में युवा दिन-रात मेहनत करके इन परीक्षाओं में शिरकत करते हैं और फिर पेपर लीक या अन्य गड़बड़ियों की वजह से परीक्षाएं रद्द हो जाती हैं। सिर्फ पिछले साल की बात की जाए तो राजस्थान में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा, हरियाणा में ग्रुप डी पदों के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट, गुजरात में जूनियर क्लर्क नियुक्ति परीक्षा और बिहार में कॉन्स्टेबल नियुक्ति परीक्षा इनमें शामिल हैं। जिस निरंतरता से और जितने बड़े पैमाने पर परीक्षाओं में गड़बड़ियां देखी जा रही हैं, उससे यह संदेह होना स्वाभाविक है कि इसके पीछे कुछ संगठित गिरोहों का हाथ है, जिनकी सिस्टम के अंदर तगड़ी घुसपैठ है। ऐसे में इसे रोकने के लिए निश्चित रूप से बड़े प्रयासों की जरूरत है। विधेयक में जिस तरह के कड़े प्रावधान किए गए हैं, वे सामान्य नहीं हैं। इनके अपने फायदे-नुकसान हो सकते हैं। हालांकि अच्छी बात यह है कि स्कूल-कॉलेजों की सामान्य परीक्षाओं को इससे बाहर रखा गया है और जो परीक्षाएं शामिल हैं उनमें भी स्टूडेंट्स और कैंडिडेट्स इस विधेयक के दायरे में नहीं हैं। फिर भी, ये प्रावधान इतने कड़े हैं कि इन पर अमल में विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। इनका दुरुपयोग कई स्तरों पर खासा नुकसानदेह साबित हो सकता है। मौजूदा हालात में इस समस्या के लिए नया कानून लाने के अपने तर्क हैं जो खारिज नहीं किए जा सकते लेकिन सवाल यह है कि क्या यह काफी होगा? गौरतलब तो यह है कि जिन कार्यों और गतिविधियों को इस बिल में कवर किया जा रहा है, वे पहले से दंडनीय अपराध हैं और उनके लिए कानून की अलग-अलग धाराएं पहले से मौजूद रही हैं। इसके बावजूद अगर इतने लंबे समय तक और इतने बड़े पैमाने पर धांधलियां चलती रही हैं तो वह सिर्फ कानून की कमी के चलते नहीं हुआ है। उसके पीछे कुछ न कुछ भूमिका कानून लागू करने की जिम्मेदारी निभा रहे लोगों और एजेंसियों की भी निश्चित रूप से रही है। इसलिये यह कानून भी प्रभावी रहेगा,यह उम्मीद ही की जा सकती है, देशभर में युवा इस वक्त अपने कॅरियर के प्रति खासे सजग व फोकस्ड हैं, मगर जब इस तरह के मामले सामने आते हैं तो उनकी सारी मेहनत व समय पर भी पानी फिरता है और मायूसी भी हाथ आती है। क्योंकि कई बार दोबारा परीक्षा की नौबत आती है। इस दौरान इंतजार व तेजी से बीतती उम्र की चिंता से भी उन्हें जूझना पड़ता है।

## आज का इतिहास

- 1616-ब्रिटेन के राजदूत सर थॉमस रो मुग़ल शासक जहांगीर के दरबार अजमेर में आये।
- 1817-ब्रिटेन, प्रसिया, आस्ट्रिया और रूस ने फ्रांस से अपनी फ़ौजें हटाने की घोषणा की।
- 1818-अंग्रेजों तथा मराठा के बीच तीसरा तथा अंतिम युद्ध रामपुर में लड़ा गया।
- 1846-अंग्रेजों ने सोबरांव की लड़ाई में सिखों को पराजित किया।
- 1879-अमेरिका के कैलिफोर्निया थियेटर में पहली बार रोशनी के लिए बिजली का इस्तेमाल किया गया।
- 1890-रूसी लेखक बोरिस पेस्टरनाक का जन्म।
- 1904-जापान तथा रूस ने युद्ध की घोषणा की।
- 1912-ब्रिटेन के किंग जार्ज पंचम तथा क्वीन मैरी भारत से रवाना।
- 1916-ब्रिटेन में सैन्य भर्ती शुरू हुआ।
- 1921-काशी विद्यापीठ का उद्घाटन गांधी जी ने किया।
- 1929-जे.आर.डी. टाटा पायलट लाइसेंस पाने वाले पहले भारतीय बने।
- 1931-दिल्ली भारत की राजधानी बनी।
- 1935-हिन्दी के शीर्ष आलोचकों में गिने जाने वाले प्रतिष्ठित साहित्यकार परमानन्द श्रीवास्तव का जन्म।
- 1939-जापानी सैनिकों ने हेनान द्वीप, चीन पर अधिकार कर लिया।
- 1943-द्वितीय विश्वयुद्ध में ब्रिटिश सैनिक ट्यूनिशिया की सीमा पर पहुँचे।
- 1947-नीदरलैंडस रेडियो यूनियन की स्थापना।
- 1959-अमेरिका के सेंट लुईस में तूफान से 19 लोगों की मौत 265 घायल।
- 1961-अमेरिका ने वेस्टइंडीज में अनेक स्थानों पर अपना दावा छोड़ा।
- 1969-पश्चिम बर्लिन यात्रा पर जर्मन प्रतिबंध को अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने अस्वीकार कर दिया।
- 1972-सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
- 1975-प्रसिद्ध हिन्दी कवि सुदामा पांडेय 'धूमिल' का निधन।
- 1989-अमेरिका ने नवादा परीक्षण-स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- 1992-अंडमान और निकोबार द्वीप विदेशी पर्यटकों के लिए खुला।
- 1996-आईबीएम सुपर कम्प्यूटर 'डीप ब्ल्यू' ने शतरंज में गैरी कास्परोव को हराया।
- 2001-होनोलूलू में अमेरिकी आणविक पनडुब्बी जापानी नौका से टकराई, 10 छात्र लापता।
- 2004-बगदाद में पुलिस स्टेशन के बाहर हुए कार बम विस्फोट में 45 लोगों की मौत हो गई।
- 2006-नेपाल के नगर-निगम चुनाव में राजा समर्थकों ने जीत दर्ज की।
- 2008-श्रीलंका के उत्तर में सैनिकों व लिट्टे के बीच हुए संघर्ष में 42 विद्रोही मारे गये।

# अंतरिक्ष में वर्चस्व के लिए लग्रेंज बिंदुओं पर दावे

■ मुकुल व्यास




अंतरिक्ष अन्वेषण में लग्रेंज बिंदुओं के बढ़ते महत्व को देखते हुए भविष्य में इन स्थानों पर आधिपत्य कायम करने के लिए अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों में होड़ लग सकती है। फ्रेंच-इटालियन खगोलशास्त्री और गणितज्ञ जोसेफ-लुई लग्रेंज के नाम पर रखे गए इन स्थानों का खगोलीय पिंडों के अध्ययन और अवलोकन के लिए विशेष महत्व है। अंतरग्रहीय अंतरिक्ष में लग्रेंज प्वाइंट ऐसे स्थान हैं जहां सूर्य और पृथ्वी जैसी दो पिंड प्रणालियों के गुरुत्वाकर्षण बल आकर्षण और प्रतिकर्षण के उन्नत क्षेत्र उत्पन्न करते हैं। इनका उपयोग अंतरिक्ष यान द्वारा स्थिति में बने रहने के लिए आवश्यक ईंधन की खपत को कम करने के लिए किया जा सकता है। ये ऐसे स्थान हैं जहां दो खगोलीय पिंडों (जैसे पृथ्वी और सूर्य) का गुरुत्वीय खिंचाव एक छोटी वस्तु को उनके बीच स्थिर रूप से परिक्रमा करने के लिए आवश्यक सेंट्रिपेटल फोर्स को संतुलित करता है।

इस गणितीय समस्या को 'जनरल थ्री-बॉडी प्रॉब्लम' के नाम से जाना जाता है। जोसेफ लग्रेंज ने 1772 में अपने पुरस्कृत पेपर में इस समस्या पर विस्तार से चर्चा की थी। ध्यान रहे कि सूर्य के अध्ययन के लिए भेजा गया भारत का आदित्य एल1 यान 6 जनवरी को लग्रेंज प्वाइंट 1 पर तैनात किया गया है। सूर्य और पृथ्वी-चंद्रमा सिस्टम में पांच अलग-अलग प्वाइंट हैं, जिन्हें एल1 से एल5 तक लेबल किया गया है। एल4 और एल 5 सूर्य के चारों ओर अपने कक्षीय पथ पर पृथ्वी (चंद्रमा सहित) से 60 डिग्री आगे और पीछे निश्चित स्थान पर स्थित हैं। यह स्थिरता उन्हें उपग्रहों और दूरबीनों के लिए आदर्श 'पार्किंग' स्थान बनाती है। चंद्रमा के अदृश्य हिस्से को देख सकने के कारण एल2 विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हम चंद्रमा के इस भाग को पृथ्वी से नहीं देख सकते। अंतरिक्ष यान अपनी स्थिति को एडजस्ट करने के लिए अधिक ईंधन की आवश्यकता के बिना इन क्षेत्रों में लंबे समय तक रह सकता है। इससे हमारे ग्रह और चंद्रमा का निरंतर अवलोकन किया जा सकता है। यहां से पृथ्वी के मौसम पैटर्न का अध्ययन करने के लिए एक आदर्श बिंदु मिलता है। वायुमंडलीय हस्तक्षेप की कमी और चंद्रमा से एल1 और एल2 की निकटता इन स्थानों को आदर्श पार्किंग स्थल भी बनाती है। जब अंतरिक्ष अनुसंधान, संचार और निगरानी की बात आती है तो जो कोई भी इन स्थानों को नियंत्रित करेगा, उसे महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

सूर्य के दृष्टिकोण से, एल 2 पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर पीछे है। यह पृथ्वी के समान गति से सूर्य की परिक्रमा करता है, लेकिन चंद्रमा से लगभग चार गुना अधिक दूर है। पृथ्वी के परिप्रेक्ष्य से चंद्रमा के पीछे, एल2 गहरे अंतरिक्ष का अबाधित दृश्य प्रदान करता है। यही वजह है कि जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप को यहां तैनात किया गया है। चीन ने पहले ही अपने चांगई 4 रोबोटिक यान से संचार के लिए एल2 पर चेचोव रिले उपग्रह भेज दिया है। ध्यान रहे कि चांग'ई 4 चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर उतरने वाला पहला अंतरिक्षयान है। अमेरिका की नजर भी एल2 पर है, जहां उसने लूनर गेटवे जैसे मिशन की योजना बनाई है। लूनर गेटवे एक छोटा अंतरिक्ष स्टेशन होगा। यह चंद्रमा की परिक्रमा करने वाली एक बहुउद्देशीय चौकी के रूप में कार्य करेगा और चंद्रमा की सतह मिशनों के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। लूनर गेटवे अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा। नासा गेटवे स्थापित करने के लिए वाणिज्यिक और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ काम कर रहा है।

एल 3 प्वाइंट हमेशा सूर्य के पीछे छिपा हुआ रहता है। अंतरिक्ष में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चीन के बढ़ते कदमों से अमेरिका काफी विचलित है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की एक समिति ने हाल ही में अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि बहुपक्षीय अंतरिक्ष प्रशासन में प्रभुत्व स्थापित करने, वैज्ञानिक खोज करने और अमेरिकी नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरिक्ष क्षेत्र में कमांड और नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए नासा और संबंधित रक्षा विभाग की फंडिंग महत्वपूर्ण है। इन सिफारिशों में शामिल क्षेत्र व्यापक हैं, लेकिन अंतरिक्ष के संबंध में एक सुझाव सबसे महत्वपूर्ण था। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी कांग्रेस को नासा और रक्षा विभाग के उन कार्यक्रमों को फंड करना चाहिए जो अंतरिक्ष में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 'कुत्सित महत्वाकांक्षाओं' का मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अमेरिका सभी लग्रेंज बिंदुओं पर स्थायी रूप से संपत्ति तैनात करने वाला पहला देश हो।

पिछले कुछ वर्षों में चीन का अंतरिक्ष कार्यक्रम काफी आगे बढ़ चुका है। चांग'ई 5 चंद्र नमूना वापसी मिशन और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर आगामी चांग'ई 6 मिशन उसके बड़े कदमों के दो उदाहरण हैं। चीन का चेंगगोंग अंतरिक्ष स्टेशन चालू है। चीन को निकट भविष्य में चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री भेजने की भी उम्मीद है। अमेरिकी समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अंतरिक्ष-आधारित संचालन की आवश्यकता को अच्छी तरह से समझती है और इस क्षेत्र में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए जबरदस्त अंतरिक्ष क्षमताओं का विकास कर रही है। अमेरिका व चीन गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए प्रौद्योगिकियां भी विकसित कर रहे हैं, जिनमें पृथ्वी-चंद्रमा सिस्टम के लग्रेंज प्वाइंट्स का इस्तेमाल मंगल और उससे आगे के पड़ाव के लिए मिशन भेजने के लिए किया जाएगा।

अंतरिक्ष अन्वेषण में अमेरिका और चीन के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा के अलावा, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसी परियोजनाओं में कई देशों के बीच सहयोग भी है, जो ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की भी लग्रेंज बिंदुओं में रुचि है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी जैसे संगठन इन रणनीतिक स्थानों पर अपने स्वयं के मिशन विकसित कर रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि अंतरिक्ष अन्वेषण को आगे बढ़ाने के लिए लग्रेंज बिंदुओं का उपयोग कैसे किया जाता है।

**(लेखक विज्ञान मामलों के जानकार हैं।)**

# यूसीसी पर उत्तराखण्ड की बड़ी एवं सार्थक पहल

■ ललित गर्ग

उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी है, इसी चार दिनों के विशेष सत्र में इसे आसानी से पारित भी कर दिया जायेगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। इससे पहले गोवा में यह लागू है। आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यह उत्तराखण्ड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए।

समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखण्ड विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं एवं संदेह दूर हो जाएंगे। जो अन्य राज्यों के लिये लागू करने का आधार बनेगी।

भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्म-निरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदायों (जैसे - हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, आदि) को मानने वालों को अपने-अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत



में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़कर अन्य सभी धर्मों व संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। बहरहाल, उत्तराखण्ड राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी।

आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन होता है। इन देशों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्र, अमेरिका, आयरलैंड, आदि शामिल हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के लिए एकसमान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है। देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाए तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आए, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गए। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। मुस्लिम पर्सनल लॉ में अनेक विसंगतियां हैं, जैसे शादीशुदा मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी को महज तीन बार तलाक कहकर तलाक दे सकता था। इसके दुरुपयोग के चलते सरकार ने इसके खिलाफ कानून बनाकर जुलाई 2019 में इसे खत्म कर दिया है। तीन तलाक बिल पास होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सदियों से तीन तलाक की कुप्रथा से पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला है।

वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। 1985 में शाहबानो केस के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला सुर्खियों में आया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि पर्सनल लॉ में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए। तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद में बिल पास कराया था। इस कानून के समर्थकों का मानना है कि अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। शादी, तलाक, गोद लेना और जायदाद के बंटवारे में सबके लिए एक जैसा कानून होगा फिर चाहे वो किसी भी धर्म का क्यों न हो। देश में हर भारतीय पर एक समान कानून लागू होने से देश की राजनीति पर भी असर पड़ेगा और राजनीतिक दल वोट बैंक वाली राजनीति नहीं कर सकेंगे और वोटों का ध्रूवीकरण नहीं होगा। समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में भी सुधार आएगा। कुछ धर्मों के पर्सनल लॉ में महिलाओं के अधिकार सीमित हैं। इतना ही नहीं, महिलाओं का अपने पिता की संपत्ति पर अधिकार और गोद लेने जैसे मामलों में भी एक समान नियम लागू होंगे। अगर हम यह चिंतन भारतीय भाव से करेंगे तो स्वाभाविक रूप से यही दिखाई देगा कि समान नागरिक कानून देश और समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

# सेंट्रल जेल नर्मदापुरम का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



## जेल बंदियों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले जेल में बंदियों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाए। ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के साथ विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के तहत बंदियों को, कृषि संबद्ध गतिविधियां, सिलाई ,वर्मी कंपोस्ट , इलेक्ट्रॉनिक वर्क्स ,योग, संगीत सहित अन्य गतिविधियों के साथ अध्यात्म से भी जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण दिया जाएं। ताकि जेल में कार्य करने के साथ साथ रिहा होने के बाद भी वह सुचारू रूप से अपना जीवनव्यापन कर सके। यह निर्देश गुरुवार को नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सेंट्रल जेल नर्मदापुरम के निरीक्षण के दौरान संबंधित जेल के अधिकारियों को दिए।

इस दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बंदियों के बेरिको का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया साथ ही बंदियों से चर्चा भी की। जिस पर बंदियों द्वारा बताया गया की जेल में सभी व्यवस्थाएं अच्छी है। उन्हीनें जेल की पाकशाला का भी निरीक्षण कर यहां भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। साथ ही बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर सुश्री मीना ने खुली जेल में भी बंदियों और उनके परिजनों से चर्चा की साथ ही व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान कलेक्टर ने जेल अंतर्गत स्कूल का भी निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने बंदियों के शिक्षण के संबंध में जानकारी ली। शिक्षा संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि गया कि जेल में बंदियों को व्यवस्थित रूप से स्मार्ट बोर्ड के द्वारा स्नातक से लेकर स्नाकोत्तर तक की सिलेबस की शिक्षा दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पांडे, जेल अधीक्षक संतोष कुमार सोलंकी, उप जेल अधीक्षक प्रहलाद सिंह वरकड़े, अष्टकोण अधिकारी जेल हितेश बंडिया, ग्रामीण रोजगार संस्थान से रश्मि गुप्ता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### पटाखा गोदामों और विक्रेताओं के विरुद्ध जिले भर में सख्त कार्यवाही

# पिपरिया में पटाखा गोदाम सील, सोहागपुर में लाइसेंस नवीनीकरण का आवेदन निरस्त

## इटारसी में 6 पटाखा विक्रेताओं को नोटिस जारी



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले भर में पटाखा दुकानों की सघन जांच की जा रही हैं। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर संबंधित पटाखा दुकानों और विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई भी की जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के पिपरिया में एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी, एसडीओपी कल्याणी वरकडे एवं तहसीलदार वैभव बैरागी द्वारा अनियमिटा पाए जाने पर एक पटाखा भंडारण स्थल को सील करने की कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पिपरिया अन्तर्गत ग्राम सिलारी में मदन पटवा के नाम से जारी अनुज्ञप्ति के संबंध में संयुक्त जांच टीम द्वारा पटाखों के भण्डारण स्थल की जाँच की गई, जहाँ मौके पर अनुज्ञप्तिधारी मदन पटवा अनुपस्थित रहे जिनकी ओर से अनेक परिजन गीता पटवा उपस्थित रहीं ।भण्डारण स्थल 10×20-200 वर्गफुट पक्का कमरे में स्थित था, जिसमें शटर लगी हुई थी। मौके पर शटर खोला जाकर जाँच की गई, जहाँ 06 अग्निशामक यंत्र रखे पाये गये, जिनकी एक्सपायरी /रिफिल की तिथि निकल चुकी थी, नियत समय में अग्निशामक यंत्री को रिफिल नहीं कराया गया। मौके पर अनुज्ञप्ति स्टॉक पंजी आदि किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं पाये गये। गीता पटवा द्वारा अवगत कराया गया कि, वर्तमान में अनुज्ञप्ति घारी इन्दौर में हैं। जिनसे सम्पर्क कर आज दोपहर 03.00 बजे कार्यालय में अनुज्ञप्ति की प्रति, स्टॉक स्टेटमेन्ट की प्रति आदि दस्तावेज गीता पटवा द्वारा उपलब्ध कराये गये।

भण्डारण स्थल पिपरिया-बरेली मुख्य मार्ग पर स्थित है,जिसके एक तरफ क्षत्रिय कल्चुरी समाज का भवन है। भण्डारण स्थल से लगभग 50 मीटर की दूरी पर अन्य मकान, स्कूल एवं वेयरहाऊस स्थित हैं। मोके पर लगभग आधा ट्राली रेत होना पाया गया एवं पानी की व्यवस्था नहीं पाई गई। आपातकालीन परिस्थिति में सायरन आदि की व्यवस्था होना भी नहीं पाया गया। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना के निर्देशानुसार तहसीलदार पिपरिया वैभव बैरागी द्वारा पटाखा गोदाम को सील किया गया।

इसी प्रकार सोहागपुर में एसडीएम बृजेन्द्र रावत द्वारा मानक मापदंड का पालन नहीं करने पर सेमरी हरचंद निवासी मनमोहन अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत लाइसेंस नवीनीकरण के आवेदन को निरस्त किया गया। इटारसी में एसडीएम टी प्रतीक राव के निर्देशन में पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया गया और यहां विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दुकानों द्वारा भट्टी का प्रयोग न करने की समझाएं दी गई और उन्हें हटाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही इटारसी के पटाखा विक्रेता शेख अरमान, सिद्धार्थ पटेल, शेख गुलबर ,शेख जुम्मन और अनिल कुमार को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत लाईसेंस के संबंध में नोटिस जारी किया गया।

## स्नान कर दान पूर्ण किया



**सिवनी मालवा।** मोक्षदायिनी मां नर्मदा के आंवली घाट पर सैकड़ो लोगों ने आज मौनी अमावस्या पर स्नान कर दान पूर्ण किया। वही नर्मदा के बाबरी घाट भीलाडिया घाट चांदगढ़ कुटी सहित अन्य घाटों पर भी भीड़ देखी गई।

# तीन घरों के ताले तोड़कर लाखों का सामान लेकर फरार हुए चोर



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

शहर में ताला तोड़कर चोरों ने नकदी जेवर समेत एक इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी लगभग 2 लाख से अधिक का सामान पर हाथ फेर कर रफू चक्कर हो गए। सुबह आसपास के लोगों ने घरों के कुंदे टूटे हुए देखे तो घर मालिकों को सूचना दी गई। परिजनों ने जब घर पहुंचे तो घर का दृश्य देखकर दंग रह गए। घर के बक्सा, अलमीरा एवं अन्य जगहों पर रखें बेशकीमती आभूषणों नगदी सहित एक घर से स्कूटी भी चोरी हो चुकी थी। सईद पटेल कॉलोनी में राजेश लौवंशी तथा सोनू लौवंशी के घर में तथा साई श्रद्धा परिसर कॉलोनी हरदा रोड, रंजीत सिंह राजपूत के सुने घर में चोरों ने घर का चेनल गेट के अन्दर के दरवाजों के कुंदे तोड़कर चोरी करना बताया जा रहा है राजपूत अपने पारिवारिक शादी समारोह में बैतूल गए हुए थे उन्होंने बताया कि घर में रखी नई इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी जो लगभग 1 लाख 70 हजार की है, घर में रखा नागदी 58 हजार की चोरी हुई है। एसडीओपी राजू रजक ने बताया की तीनों जगह की मिलाकर लगभग 2 लाख से अधिक के सामान की चोरी चोरों के द्वारा की गई नर्मदापुरम से डॉग स्क्वाड को बुलाया गया। जिन घरों में चोर गए थे डॉग हैण्डलर एसडीओपी राजू रजक एवं शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव उसी स्थान पर पहुंचे। तथा साइबर की टीम की भी मदद ली गई। एसडीओपी राजू रजक ने बताया कि जल्द ही चोरी के घटना में शामिल सभी आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। टीम मामले में जुटी हुई है।

# पुण्यतिथि पर युवाओं ने 30 यूनिट रक्तदान किया




**सिवनी मालवा।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश युवा इकाई सिवनी मालवा द्वारा वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक नारायण प्रसाद गुप्ता पूर्व सांसद के पुण्य स्मरण में आयोजित रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें की 30 यूनिट रक्त दान किया गया पुरुष वर्ग से 28 एवं 2 यूनिट रक्त मातृ शक्ति ने रक्तदान किया। युवा इकाई के जिला अध्यक्ष श्रीधर अग्रवाल एवम कार्यक्रम के प्रभारी कुशल कलवानी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर मे डॉक्टर जीएन भास्कर, डॉक्टर नितेश जैन, विजित मोदी, अंकुर अग्रवाल ,सजल अग्रवाल, ,अभिषेक जैन ,सौरभ अग्रवाल , राहुल शर्मा, सार्थक मोड, संभव जैन, डॉक्टर मनीष गौर,पीयूष ,शुभ कलवानी, प्रगेश जैन, शुभम अग्रवाल,सिद्धार्थ चतर, लक्ष्य रघुवंशी, अंशुल अग्रवाल ,सौरभ अग्रवाल, राहुल गौर ,केतन अग्रवाल, रजत अग्रवाल ,रितेश रघुवंशी ,ऋषभ रघुवंशी ,अमन जैन, शुभम अग्रवाल ,कुलदीप अंशित एवम मातृशक्ति वर्ग से श्रीमति श्रीमती रश्मि शर्मा,सारिका आदि ने अपना रक्त दान किया। इस दौरान राजू जैन अनिल कलवानी, विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी श्री कुशवाह,डॉक्टर कांति भास्कर, विकाश अग्रवाल,डॉक्टर अरुण पटेल वैश्य युवा इकाई के सदस्य उपस्थित थे।

### विश्वआर्द्रभूमि दिवस 2024 पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

# प्राकृतिक स्थल का भ्रमण एवं पुरस्कार वितरण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय नर्मदापुरम में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2023-24 (ईईपी), मिशन लाइफ एवं राष्ट्रीय हरितकोर योजना, के अंतर्गत विश्व आर्द्रभूमी दिवस 2024 पर ईको क्लब द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय में जनमानस को पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिए जागरूकता रैली चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 40 छात्राओं ने भाग लिया। विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। छात्राओं को आर्द्रभूमि जैसे प्राकृतिक स्थल का भ्रमण कराया गया और इन स्थलों के महत्व को समझाया गया। यहां छात्राओं द्वारा चित्रकारी भी की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं को बताया कि जीवन की उत्पत्ति ही जल में हुई है, जल के बगैर जीवन संभव नहीं है और आर्द्रभूमि ऐसे प्राकृतिक एवं मानव निर्मित स्थान होते है जिनमें बर्ष भर आर्द्रता, नमी एवं पानी भरा रहता है। वेटलेण्ड ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र होते है जो




जैवविविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इनमें विभिन्न जीव और वनस्पतियॉ निवास करती है। इनके कारण भूमि का जल का स्तर भी बना रहता है। आर्द्रभूमियों में बडते प्रदूषण, जनसंख्या का दबाव, शहरीकरण के लिए जल क्षेत्रों से छेडखानी, और कृषि रसायनों, औद्योगिक क्षेत्र के जहरीले पानी का मिलना आर्द्रभूमियों के विनाश का कारण है। भारत में इन आर्द्रभूमियों के संरक्षण के लिए पर्यावरण मंत्रालय द्वारा महाविद्यालया के ईको क्लब के द्वारा यह कार्यक्रम चलाये जा रहे है। वर्तमान में भारत में वर्तमान में 80 एवं मध्यप्रदेश में भोज वेटलेण्ड भोपाल, शिरपुर लेक एवं यशवंत सागर इंदौर, सांख्यसागर शिवपुरी कुल 04 रामसर स्थल चिन्हित किये गए हैं जिन्हे संरक्षण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में डॉ. प्रगति जोशी डॉ. संगीता पारे, डॉ. एकता गुप्ता, डॉ मनीष चौधरी, डॉ आशीष सोहगोरा, प्रीति मालवीय, विमला कदम, डॉ धीरज खातरकर, श्री अजय तिवारी एव बडी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# हरदा ब्लास्ट में दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नेहरू पार्क में सामाजिक समरसता राष्टीय एकता मंच के सदस्यों ने उपस्थित होकर हरदा के हादसे में हुए मृत्यु हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई शोक सभा में उपस्थित हुए अरुण दीक्षित के एन त्रिपाठी भागचंद बरगले हरदा से उपस्थित हुए दिव्य कुमार मार्कन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि निश्चित ही शासन की कहीं ना कहीं लापरवाही नजर आती है इसके साथ ही रहवासी स्थान पर गैस गोदाम का होना भी हादसे की रहा देख रहा है शासन एवं सरकार को इस और भी ध्यान देने की आवश्यकता है अन्यथा भविष्य में कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है सभा में अशोक दीबोलिया अवध बुधौलिया केके शर्मा आशीष तिवारी ललित मोहन यादव आर चौधरी हेमंत शर्मा जय बाला निगम के साथ अन्य सदस्य उपस्थित हुए।

### मेट्रो एंकर

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन: जिले में कुल 948239 मतदाता

# कलेक्टर ने राजनीतिक दलों को वितरित की निर्वाचक नामावली

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर 8 फरवरी को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभा कक्ष में किया गया।मतदाता सूची के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को वितरित की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम श्रीमती बबीता राठौर, राष्ट्रीय स्तर मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे एवं निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बताया है कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पश्चात जिले में कुल पंजीकृत मतदाता 948239 है। जिसमें 469779 पुरुष मतदाता, 458423 महिला मतदाता एवं 37 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जिले में 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 32688 नव मतदाता पंजीकृत हैं एवं जिले का जेंडर रेशों 935.98 तथा ईपी रेशों 66.65 है।

कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के दौरान मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत यह पांच प्रस्तावों का भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा अनुमोदन प्राप्त हुआ जिसके अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 137 होशंगाबाद के शा0 कस्तूरबा कन्या प्राथमिक शाला में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 37 एवं 38 को राष्टीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम एवं शासकीय बजरिया प्राथमिक शाला में स्थित मतदान केंद्र 46 एवं 47 को शा0 एस.एन.जी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम स्थानांतरित किया गए। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 138 सोहागपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 259 भट्टी को ग्राम पंचायत भवन निवाड़ी से आंगनबाड़ी भवन भट्टी में स्थानांतरित किया गया। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में कुल 1187 मतदान केंद्रों पर मतदाता मतदान कर सकेंगे।

## फोटो निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के साथ स्टैंडिंग कमेटी की हुई बैठक

**सिवनी मालवा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत विधानसभा सिवनी मालवा 136 के 318 मतदान केन्द्रो के साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय सिवनी मालवा, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिवनी मालवा में स्वयं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार द्वारा अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशन के तत्पश्चात स्टैंडिंग कमेटी की बैठक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिवनी मालवा प्रमोद सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संवेदनशील अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो के निर्धारण के संबंध में राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक रखी गई। बैठक में निकट भविष्य में होने वाले लोकसभा निर्वाचन हेतु संभावित वरीय सूची उपलब्ध कराने हेतु यदि कहीं कोई शंका स्थिति निर्मित होने की संभावना है तो राजनीतिक दल भी अपना प्रस्ताव दे सकते हैं। बैठक मे तहसीलदार राकेश खजूरिया राजनैतिक दलों की ओर से भाजपा से अभिषेक शर्मा, कांग्रेस से गोपाल शर्मा, बसपा से अंतराम बामनिया, आम आदमी पार्टी से अजय मालवीय निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई उपस्थित थे।



# ग्राहक परेशान, शहर में दुकानदार कर रहे जीएसटी की खुलेआम चोरी!

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

दुकानदारो से ग्राहकों द्वारा खरीदा गया सामान का ब्यापारियों द्वारा पक्का बिल न दिए जाने से ग्राहक चीजों का अधिक मूल्य चुकता करने में मजबूर है वही यदि खरीदी गई वस्तु खराब निकलती है तो वापसी में भी उसे कई परेशानियों का सामना करना पढता है दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को कच्ची पर्ची पर लेखाजोखा करने से शासन को लाखों रूपये की हानि हो रही है।

सरकार ग्राहकों को जागरूक करने टीवी,रेडिओ समाचार पत्रों के माध्यम से जागो ग्राहक जागो का मिशन चलाकर खरीददारों को किसी भी सामान के खरीदने पर पक्का बिल लेने नहीं देने पर शिकायत करने सामान की खरीदी करने पर पक्का बिल लेना ना भूलें जो कि आपका हक है जैसे मिशन चलाकर खरीददारों को जागरूक बनाने का कम कर रही हे परन्तु इतना करने पर भी इन सब बांतो को खरीददारों पर कोई असर नहीं दिखाई देता नगर की लगभग सभी दुकानों में फिर चाहे वह रेडीमेड गारमेंट, की दुकान हो या कपड़ो, की या लोहे, सीमेंट. की या सोने, चांदी, इलेक्ट्रोनिक की किसी भी दुकान में खरीददार को पक्का बिल नहीं दिया जाता बस सारा लेनदेन कच्चे सादे कागज पर करके लाखों का व्यापार चल रहा हे जिसमे

## सादी पर्चियों पर चल रहा लेनदेन, विभाग के अधिकारी मेहरबान



नगर के दुकानदार सरेआम जीएसटी की चोरी करके स्वंय तो दोगुना कमा रहे है और दुकानदार मालामाल हो खरीददार ठगे जा रहे है और आयकर विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा हे वहां व्यापारियों ने ग्राहकों को बिल न मांगने की आदत लगा दी हे और खरीददार भी बिल न मांगकर व्यापारी से अपने संबंधो की दुहाई तो दे देता हे परन्तु ऐसा करने से उसके द्वारा खरीदे सामान पर जो टैक्स व्यापारी पर लगना होता है वह कच्चा बिल देने पर टैक्स चुकाने से बच जाता हे और इस तरह टैक्स चोरी की राशि सीधे व्यापारी की जेब में चली जाती हे खरीददार का इसमें कोई फायदा नहीं होता यही वजह से कि यहाँ के व्यापारी आयकर चोरी करके अकूत संपत्ति के मालिक बनकर बैठे है और नगर सहित ग्रामीण अंचलों के खरीददार संबंधो के आढ़ में ठगे जा रहे है।

जागरूक नागरिको को दुकानदार द्वारा किए जा रहे इस फर्जीबाड़े के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए आगे आना होगा .....नहीं मिलता पक्का बिल.... वैसे तो बहुत से प्रोडक्ट ऐसे होते है जिन पर सभी करो के साथ कीमत अंकित रहती हे परन्तु नगर में सभी किराना एवं जनरल स्टोर दुकानों पर दुकानदारो द्वारा एक चिट लगा दी जाती है जिस पर हाथ से कीमत लिखी होती है वही कीमत ग्राहकों से वसूली जाती हे अपनी मनचाही कीमत लेने के बाद भी व्यापारी ग्राहक को पक्का बिल नहीं देते वहीं किराना दुकानों पर कई ग्राहक कम मात्रा में फुटकर सामान खरीदते है जिन्हें दुकानदार कच्ची पर्चियों पर ही जोड़ घटाना कर ग्राहक के हाथ में थमा देते है।

### सफल नहीं अभियान

सरकार ग्राहकों को जागरूक करने के उपायों को लेकर अभियानों के माध्यम से उन्हे किसी भी खरीद पर पक्का बिल लेने की सलाह अवश्य देती हे लेकिन इस तरह के अभियानों का असर कही भी दिखाई नहीं देता जिसके चलते जहाँ ग्राहक कच्चे बिल के माध्यम से चीजों का अधिक मूल्य अदा कर रहे' है वही दुकानों पर सामान की बापसी के समय ग्राहकों को समस्याओ का सामना करना पडता हे ।

### पक्के बिल को लेकर दुकानदार होती है चिक्कलस

अगर कोई ग्राहक पक्का बिल मांगता भी है तो दुकानदार पक्का बिल नहीं देता और सामान देने से मना तक कर देता है संबधित विभागीय अधिकारी क्यूँ नहीं कर रहे इन दुकानदार पर कार्रवाही क्या इसमें इनकी भी मिलीभगत है।

### इलेक्ट्रोनिक दुकानों पर होता लाखों का कारोबार

आमतोर पर शादी विवाह एवं पर्व के मोके पर इलेक्ट्रानिक कारोबार में तेजी आ जाती हे दुकानदार भरपूर फायदा उठाते हुए ग्राहकों को टैक्स का भय बताते हुए कच्ची पर्ची पर सामान बेचने से नहीं चूकते कम दामों के लालच में ग्राहक ऐसे दुकानदारों झासे में आ जाता हे जिस से वह ग्यारंटी पीरियड सामान के खराब होने पर रिपेयरिंग अथवा सामान बापसी के लिए दुकानदार पर दबाव नहीं बना पता ऐसे में दुकानदारो को जहाँ डबल मुनाफा' होता हे' वही ग्राहक अपने आप को ठगा हुआ महसूस करता हे।

# 20 करोड़ की लागत से शहर बनेगा सीवेज जल शुद्धिकरण प्लांट

## केंद्र सरकार की योजना के तहत होगा काम, मौके का लिया जायजा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

घरों से निकलने वाले गंदे पानी का उपयोग करने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा सीवेज जल शुद्धिकरण योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत नगर में 20 करोड़ की लागत से जल संयंत्र का निर्माण होगा जहां पर शहर की विभिन्न नाले नालियों में से बहकर जाने वाले गंदे पानी को साफ स्वच्छ बनाकर पेड़ पौधों एवं खेती में सिंचाई के लिए सप्लाई करने का काम नगर पालिका परिषद के द्वारा किया जाएगा जिसका निर्माण और आरोन रोड पर स्टाफ डैम के आगे बनाने की तैयारी नगर पालिका परिषद के द्वारा की जा रही जिसका जायजा लेने के लिए गुरुवार को नगर पालिका इंजीनियर मिथलेश दीक्षित नपा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और डोन कैमरे की सहायता से जिस क्षेत्र में जल संयंत्र को स्थापित करना उसकी नपाई करके स्थान चिन्हित किया गया है।



केंद्र सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण योजना शहर को प्रदान की गई है इस योजना के तहत घरों से निकलने वाले गंदे पानी को एक जगह एकत्रित किया जाएगा जहां पर इस गंदे पानी को शुद्ध करने का काम इस जल संयंत्र में लगने वाली मशीनों की सहायता से किया जाएगा इस पानी को इतना साफ बनाया जाएगा कि इसका उपयोग खेती में भी किया जा सकेगा अभी यह पानी वैसे ही बर्बाद होता था गंदगी भी भरी रहती थी उससे भी मुक्ति मिलेगी में लगने फिर जो पानी साफ होगा उसक आवश्यकता के अनुसार नगर पालिका परिषद के द्वारा लोगों को उपयोग के लिए प्रदान किया जिसमें पेड़ पौधों में सिंचाई के साथ सब्जी वाले व खेती करने वाले कृषकों को पानी बेचकर आमदनी भी नगर पालिका अपनी बड़ा सकेगी यह सब कितनी मात्रा में पानी शुद्ध होगा उसके अनुसार किया जाएगा यदि अधिक मात्रा में पानी का उत्पादन होगा तो उस हिसाब से इसकी सप्लाई ज्यादा सप्लाई की जाएंगी अभी इस गंदे पानी का कोई उपयोग नहीं हो रहा था साथ ही गंदगी के कारण परेशानी भी होती थी सभी जगह से निकलने वाले पानी को एक जगह एकत्रित करने का काम भी इस योजना के तहत किया जाएगा इसके बनने के बाद इस पानी का उपयोग भी होने लगेगा और गंदे पानी से भी लोगों को मुक्ति मिल जाएगी यहां नगर के लिए उपलब्धि होगी। इसी तरह की एक योजना घरों से निकलने वाले गांदे पानी को व्यवस्थित रूप से सप्लाई के लिए और हो जाए तो शहर में जो गंदे पानी निकासी की अभी समस्या निर्मित होती है उसके लिए भी सीवेज योजना के अंतर्गत एक योजना बना कर उसको भी धरातल पर लागू कर दिया जाए तो शहर वासियों को गंदे पानी से पूरी तरह से छुटकारा मिल जाएगा ।

### इनका कहना है -

*केंद्र सरकार की योजना के तहत 20 करोड़ की लागत से जल शुद्धिकरण प्लांट निर्माण शहर में होगा जहां पर गंदे पानी को साफ करके उसका उपयोग पेड़, पौधों तथा खेती बालों को सप्लाई करने में किया जाएगा।*

**मिथलेश दीक्षित**, नगर पालिका उपयंत्री

## बगरोदा विद्युत वितरण केंद्र पर 40 गांव के किसान बिजली के संकट से परेशान

# बिजली की अघोषित कटौती से गेहूं की फसल हो रही चौपट, किसानों में आक्रोश




सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में मध्य प्रदेश विद्युत कंपनी अघोषित रूप से विद्युत कटौती कर रही है। विद्युत कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में 10 घंटे कृषि सिंचाई के लिए बिजली दी जाने का प्रावधान है। लेकिन दो हफ्ते केवल तीन से चार घंटे बिजली मिल रही है, जबकि वर्तमान में किसानों को खेतों में पानी की सिंचाई के लिए बिजली की काफी आवश्यकता है। लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारियों की मनमर्जी के आगे सरकार की योजनाएं नतमस्तक दिखाई दे रही है। क्योंकि सरकार जनता से दिखावे के वादे करती है जबकि जमीनी हकीकत उससे बिलकुल अलग है। जानकारी के अनुसार बगरोदा विद्युत वितरण केंद्र के अंदर करीब 40 गांव आते हैं। जिनमें विद्युत कंपनी द्वारा अटल ज्योति एवं इन सभी गांव में किसानों को सरकार की योजना के अनुरूप करीब 10 घंटे की बिजली उपलब्ध कराने का नियम है, लेकिन वर्तमान में अटल ज्योति की बात करें तो 5 से 6 घंटे ही ग्रामीणों को बिजली मिल रही है, जबकि किसानों की

### किसानों को 2 से 3 घंटे और अटल ज्योति में 5 से 6 घंटे ही मिल रही बिजली

स्थिति तो इससे भी खराब है, पिछले दो हफ्ते से रोजाना दो से तीन घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जिसके कारण ग्रामीण किसानों में काफी आक्रोश है।

बिजली की समस्या को लेकर क्षेत्रीय किसान लगातार शिकायतें कर रहे हैं, बावजूद इसके बिजली कंपनी के अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है, इन लापरवाह अधिकारियों की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कंपनी एवं सरकार के विरुद्ध लोगों का जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। वही जब बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को ग्रामीण विधुत समस्या के लिए फोंन करते है तो जवाबदारों द्वारा गोलमोल जवाब दे दिया जाता है, और ग्रामीणों की समस्या लगातार महीनों से ऐसी ही बनी हुई है पर विधुत विभाग के कर्मचारियों को आम जनता की समस्या से कोई सरोकार दिखाई नही पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्राम परसौरा, इकोदिया, भाऊखेड़ी, वीरपुर, बगरोदा, चाठोली, गोपालनगर, करांखेड़ी आदि गावों में बिजली की स्थिति वद से बद्तर है। ग्रामीण शिवराज सिंह, रवि कुमार, अनिल सिंह आदि का कहना है कि पिछले दो हफ्तों से लगातार बिजली की समस्या आ रही है, फसल भी बर्बाद होने की कगार पर लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### शिकायत के बाद भी नहीं सुनते अधिकारी

ग्राम इकोदिया, वामनखेड़ी, चाठोली, परसौरा एवं भाऊखेड़ी के शेर सिंह बघेल, मोनू बघेल, अंकित रघुवंशी, नीलेश रघुवंशी, सुमित अहिरवार, राहुल, रामबाबू आदि ने बताया कि कुछ दिन से हमारे गांव में दिन में दो से तीन घंटे बिजली मिल रही है, तो वही रात में भी यही स्थिति देखने को मिल पा रही है , उसमें भी कम वोल्टेज की अधिक समस्या रहती है, जिसके कारण ना तो नल सप्लाई के माध्यम से पानी घर-घर पहुंच रहा और ना ही पर्याप्त बिजली के कारण अन्य घरेलू कार्य हो पा रहे हैं। वही उनका कहना है कि अफसरों को फोन लगाते हैं तो मोबाइल नहीं उठाते, कंट्रोल रूम का मोबाइल टेलीफोन बंद रहता है प्राइवेट कर्मचारियों से बात करते हैं तो सीधे से जवाब ही नहीं देते है। ऐसे में अब ग्रामीणों ने बिजली नहीं तो बिल नहीं देने का निर्णय लिया है, यदि अफसर जबरदस्ती करेंगे तो उनके खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई भी करेंगे।

### अटल ज्योति के नाम पर 24 घंटे का दावा, लेकिन 4 से 5 घंटे ही मिल रही है बिजली

सरकार और बिजली कंपनी गांवों में अटल ज्योति योजना अंतर्गत 24 घंटे बिजली देने का दावा कर रही है, लेकिन हकीकत यह है कि गांवों में बमुश्किल 5 से 6 घंटे बिजली ही मिल पा रही है, जिससे अब ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। अघोषित रूप से रोजाना की जा रही बिजली कटौती को लेकर नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में महीनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं लेकिन जिम्मेदार देखना भी उचित नहीं समझ रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीण संजीव दांगी, रामबाबू शर्मा, राजकुमार, विकास रघुवंशी, रवि रघुवंशी आदि का कहना है कि अटल ज्योति की तो बात करना ही बेईमानी होगी, क्योंकि बिजली कंपनी द्वारा जब किसानों को मिलने वाली 10 घंटे की बिजली ही उपलब्ध नहीं हो पा रही है, तो अटल ज्योति के नाम पर 24 घंटे बिजली कैसे दे मिल सकती है। 24 घंटे बिजली का फार्मूला सिर्फ कागजों में ही संचालित है धरातल स्थिति वद से बद्तर है।

### इनका कहना है

*विधानसभा चल रही है, मैं भोपाल हूं, बिजली कंपनी द्वारा यदि किसान एवं ग्रामीणों को नियम अनुसार बिजली उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, तो वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।*

**हरिसिंह सप्रे**, विधायक कुरवाई

*यदि किसानों को बिजली कम मिल रही है, तो मैं दिखवाता हूं, कृषि सिंचाई एवं अटल ज्योति के लिए पर्याप्त बिजली का नियम है। लापरवाही बरती जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी।*

**राजू भाभोर**, डिप्टी जनरल मैनेजर बिजली कंपनी

## शहर में कड़ाके की सर्दी का सितम जारी

**सिरोंज।** इन दिनों कड़के की सर्दी का दौर जारी है।।सुबह शाम तो कप,कप देने वाली सर्दी पड़ रही है इस वजह से घरों से निकलने में भी लोगों की हालत खराब हो रही है। दूसरी और दिन में भी ठंड के कारण लोग आग जलाकर हाथ सेकते हुए नजर आ रहा है। लगातार मौसम में बदलाव के कारण सर्दी जुकाम से भी लोग पीड़ित हो रहे हैं। इसके अलावा फसलों में कीट रोग लगने से किसान कीटनाशक दावों का छिड़काव कर रहे हैं। कुछ दिनों से आसमान पर बादलो की लुकाछिपी बढ़ गई है इस वजह से किसान चिंतित भी हैं ।

## मासूमों के खाने पर समूहों का डाका, समूह की चल रही मनमर्जी, मैन्यू को किया दरकिनार




**सिरोंज।** शासन द्वारा शासकीय स्कूलो में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उददेश्य से प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं में मध्याह भोजन वितरण योजना शुरू कि गयी और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के उददेश्य से समूहों को स्कूलो में एमडीएम वितरण करने का जिम्मा सौंपा गया। लेकिन स्व-सहायता समूह प्रबंधन द्वारा ही शासन के नियमों एवं गाईडलाईन की खुलेआम धज्जियॉ उड़ाई जा रही है और जिम्मेदार समूहो पर कोई कार्यवाही तक नहीं कर रहें है। इसी तरह के मामले सामने आते है शासन द्वारा रोटी, मूंग दाल एवं सूखे मटर या फिर चने की सब्जी का मैन्यू में प्रावधान है लेकिन स्कूल मे संचालित समूह प्रबंधन द्वारा शासन के मीनू के नियमों को स्कूल प्रबंधन की मौजूदगी में ढेंगा दिखाते हुऐ अपनी मनमर्जी अनुसार पतली रोटी एवं आलू-टमाटर की पतली सब्जी का वितरण करते हैं। जबकि शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग मीनू चार्ट स्कूलों की दीवार पर चस्पा है लेकिन समूह प्रबंधन द्वारा अपनी मनमर्जी अनुसार स्कूलों में एमडीएम का वितरण किया जा रहा है । अब देखते है कि जिम्मेदार स्व-सहायता समूह की मनमर्जी पर अंकुश लग सकेगा या फिर इसी तरह से जिम्मेदार अनदेखी करते रहेगें।

**मेट्रो एंकर** | जैन समाजजनों ने घरों,प्रतिष्ठानों के बाहर आरती उतार वंदना की

# भगवान आदिनाथ स्वामी का मनाया निर्वाण महोत्सव, निकाला गया चल समारोह



विदिशा, दोपहर मेट्रो।

गुरुवार को भगवान आदिनाथ स्वामी का निर्वाण महोत्सव बड़े धूम धाम के साथ जैन समाजजनों के द्वारा मनाया गया । भगवान को पालकी में विराजमान करके वार्षिक विमान उत्सव के रूप में शोभायात्रा भी निकल गई जो प्रारंभ होकर शहर के सभी जैन मंदिरों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई जगह-जगह विभिन्न समाज जनों, समाजसेवी संगठनों ने स्वागत किया साथ ही जैन समाजजनों अपने घरों और प्रतिष्ठानों के बाहर आरती उतार कर वंदना की । प्रातः काल श्री चन्द्र प्रभु जिजनालय में अभिषेक पूजन एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया । दोपहर को 1 बजे से श्री दिगम्बर जैन चंद्र प्रभ जिनालय कठाली बाजार से चल समारोह के रूप में श्री जी का विमानोत्सव निकाला गया जो प्रमुख मार्गो से होता हुआ शाम 5 बजे चंद्र प्रभु जिनालय पर पहुंच कर समापन हुआ। चल समारोह सभी लोग भक्ति भाव में लीन होकर नाचते गाते चल रहै थे। युवाओं के द्वारा बैंडा बजा कर शोभायात्रा की अगवानी की जा रही थी बालिकाएं महिलाएं एक वेशभूषा में कतार मैं चल रही पुरुष भी पूरे अनुशासन में शामिल हुए।

श्री दिगम्बर नवयुबक मंडल का दिव्य घोष एक आकर्षण का केंद्र बना रहा । रंगोली तोरण द्वार से पूरा नगर सजाया गया । जगह जगह भगवान की आरती उतारी गई। भक्त गण जैन धर्म का पचरंग ध्वज लहराते चल रहे थे । सभी जैन समाज जनों ने अपने प्रतिष्ठान बंद करके विमानउत्सव में बाढ़-चल कर भाग लिया मंदिर में भी विधि विधान से पूजन की अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज जन मौजूद थे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-2 लोक निर्माण विभाग, ई-5 अरेरा कालोनी, भोपाल दूरभाष-0755-2465467

क्रमांक. 31/ व.ले.लि/ सी.2/2023-24 भोपाल दिनांक 01/02/24

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न लिखित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https//mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | एन.आई. टी क्र | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाखों में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | भौतिक रूप से एनबलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 172/SAC dt. 25.01.2024 | 2024/_CPA _328364_1 | मंत्रालय वल्लभ भवन 2, 3, एम.एल.सी.पी पुलिस बैरक एवं रिकार्ड रूम में स्थापित फायर फाईटिंग सिस्टम का कॉम्प्रेहेन्सीव मेन्टेनन्स एवं संचालन कार्य। | रू.166.80लाख (रू. एक करोड़ छासठ लाख अस्सी हजार) | रू. 1.66,800/- | रू. 12,500/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेन्डर डॉक्यूमेंट )वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16/02/2024 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
राजधानी संभाग क्र.2
लोक निर्माण विभाग ई-5 अरेरा कालोनी,
भोपाल, दूरभाष-0755-2465467

G-23853/23



## टीम इंडिया को लगेगा तगड़ा झटका

# टेस्ट सीरीज में विराट कोहली की वापसी बेहद मुश्किल होगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विराट कोहली टीम का हिस्सा नहीं है. विराट कोहली की वापसी की संभावना भी नज़र नहीं आ रही है. इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के एक भी मैच नहीं खेलने की आशंका बढ़ गई है. पहले ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थी कि विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट का हिस्सा हो सकते हैं. लेकिन एक रिपोर्ट के मुताबिक विराट कोहली पूरी सीरीज से ही बाहर रह सकते हैं. आखिरी तीन टेस्ट से टीम इंडिया का एलान 9 फरवरी को होने की संभावना है. हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को अभी तक विराट कोहली ने यह जानकारी नहीं दी है कि वो सीरीज के बाकी बचे हुए कितने मैच खेलने के लिए उपलब्ध हैं।

### विराट खुद तय करेंगे वापसी

टीम इंडिया में वापसी विराट कोहली खुद तय करेंगे. बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि विराट कोहली तय करेंगे कि वो कब टीम इंडिया में वापसी करना चाहते. विराट कोहली ने अभी तक बीसीसीआई को उपलब्ध होने के बारे में जानकारी नहीं दी है. विराट कोहली जब भी उपलब्ध होंगे उन्हें टीम इंडिया में शामिल किया जाएगा. बता दें कि विराट कोहली का नहीं खेलना टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका है. विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं. पिछले साल हुए वनडे वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने सबसे ज्यादा रन बनाए. इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर भी विराट कोहली का बल्ला जमकर रन बना रहा था.

### परिवार के साथ बिता रहे समय

इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले दो मैच के लिए बीसीसीआई के चयनकर्ताओं ने टीम की घोषणा करते समय कोहली को भी चुना था। कोहली ने हैदराबाद टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र में भी हिस्सा लिया। लेकिन, पहले टेस्ट से ठीक पहले उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए स्क्वॉड से अपना नाम वापस ले लिया। विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में उपलब्ध नहीं थे। वहीं अब खबरें आ रही हैं कि वह तीसरा और चौथा टेस्ट भी नहीं खेलेंगे। हाल ही में कोहली के करीबी दोस्त एबी डिविलियर्स ने यू-ट्यूब पर लाइव होते हुए खुलासा किया था कि किंग कोहली दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। इस कारण वह अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं।

### अब तक 77 फीसदी से ज्यादा मैच मिस कर चुके हैं विराट

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले दो मैच में विराट कोहली निजी कारणों के चलते बाहर हो गए थे। वहीं, अब उनकी बाकी तीन मैच खेलने पर भी संशय बरकरार है। वर्ल्ड कप 2023 के बाद उनका रिपोर्ट कार्ड देखें तो वह तब से 77 प्रतिशत से ज्यादा मैच मिस कर चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले दो मैच में विराट कोहली निजी कारणों के चलते बाहर हो गए थे। वहीं, अब उनकी बाकी तीन मैच खेलने पर भी संशय बरकरार है। ऐसे में उनकी भारतीय टीम के लिए उपलब्धता पर सवाल उठने लगे हैं। जबकि किंग कोहली की फिटनेस ऐसी ही कि वह लगातार मुकाबले खेलने की क्षमता रखते हैं, लेकिन इस बार फिटनेस मसला नहीं है। इंग्लैंड के दिग्गज नासिर हुसैन समेत कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने कोहली की अनउपलब्धता पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी हैं।

### वर्ल्ड कप से अब तक 14 मैच मिस किए

बीसीसीआई के चयनकर्ता जल्द ही सीरीज के बाकी तीन मैचों के लिए स्क्वॉड का ऐलान करने वाले है। उससे कोहली की उपलब्धता पर तस्वीर साफ हो जाएगी। वहीं, अगर वर्ल्ड कप 2023 के बाद से कोहली के मिस किए गए मैच को देखें तो वह तब से अब तक 9 टी20, 3 एकदिवसीय और 2 टेस्ट समेत कुल 14 मैच मिस कर चुके हैं।



## मेट्रो बाजार

# म्यूचुअल फंड SIP जनवरी में रिकॉर्ड हाई पर, 18,839 करोड़ का आंकड़ा

**मुंबई, एजेंसी**

देश में म्यूचुअल फंड में लोगों को भरोसा बढ़ता जा रहा है और आम निवेशक जमकर एसआईपी और दूसरे माध्यम से म्यूचुअल फंडों में पैसा लगा रहे हैं. म्यूचुअल फंड म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के नेट ऐसेट अंडर मैनेजमेंट का आंकड़ा इस बात का सबूत है कि देश में म्यूचुअल फंड में लोगों को भरोसा बढ़ता जा रहा है. निवेशक जमकर एसआईपी और दूसरे माध्यम से म्यूचुअल फंड में पैसा लगा रहे हैं. जनवरी 2024 में एसआईपी योगदान 18,838.33 करोड़ के ऑलटाइम हाई लेवल पर था. रजिस्टर्ड नए एसआईपी की संख्या ने जनवरी 2024 में एक मील का पत्थर हासिल कर लिया है क्योंकि यह 51,84,057 तक पहुंच गई है. जनवरी 2024 में एसआईपी एयूएम 10,26,996.23 करोड़ रुपये रहा, जबकि दिसंबर 2023 में यह 9,95,925.39 करोड़ रुपये था. आंकड़ों को देखें तो जनवरी 2024 में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का नेट एयूएम 52,74,000.70 करोड़ रुपये पर आ गया है, जबकि दिसंबर 2023 के लिए यह 50,77,900.36 करोड़ रुपये था. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है. यानी दिसंबर में 50 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा तो पार हो ही गया था और ये जनवरी में 52 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है. इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी 2024 में शुद्ध रूप से 21,780 करोड़ रुपये का निवेश आया है. यह लगभग दो साल में किसी भी महीने में हुआ सबसे अधिक मंथली इंवेस्टमेंट है।




## टाटा ने लॉन्च की देश की पहली ऑटोमेटिक सीएनजी कार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स ने देश की पहली ऑटोमैटिक सीएनजी कारें लॉन्च कर दी है। इससे पहले इस वर्जन में कोई भी कार देश में मौजूद नहीं थी। इन कारों की कीमत भी 10 लाख रुपए से कम रखी गई है। इनके माइलेज और खूबियां भी काफी जरबदस्त हैं। टाटा मोटर्स ने देश की पहली ऑटोमेटिक सीएनजी कार को लॉन्च कर बड़ा धमाका कर दिया है। अब तक कोई भी कंपनी ऐसा नहीं कर पाई है। टाटा ने अपनी सबसे सस्ती हैचबैक टीगो सीएनजी और सस्ती सेडान को ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन गियरबॉक्स के साथ भारतीय मार्केट में उतार दिया है। इनकी शुरुआती कीमत सिर्फ 7.89 लाख रुपए रखी गई है। ऑटोमेटिक वैरिएंट की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 7,89,900 रुपए है। यह हैचबैक चार ट्रिम में पेश की गई है। इसके टॉप वैरिएंट ट्रिम की कीमत 8,79,900 लाख रुपए है। वहीं, ऑटोमेटिक को दो ट्रिम के साथ लाया गया है। जिसका बेस वैरिएंट 8,84,900 रुपए व टॉप वैरिएंट 9,54,900 रुपए (एक्स-शोरूम) में आ रहा है। टाटा मोटर्स का दावा है इन ऑटोमेटिक सीएनजी कारों की माइलेज 28.06 किलोमीटर प्रति किलोग्राम है।

## अंडर-19 विश्व कप : मुकाबले में पाकिस्तान बाहर

# तीसरी बार फाइनल में होगी भारत-ऑस्ट्रेलिया की टक्कर




**जोहान्सबर्ग, एजेंसी**

अंडर-19 विश्व कप 2024 का फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार, 11 फरवरी को खेला जाएगा। दोनों टीमें अंडर-19 विश्व कप प्रतियोगिता में तीसरी बार फाइनल में एक दूसरे से टकराने के लिए तैयार है। अंडर-19 विश्व कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान पर रोमांचक जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। फाइनल में अब ऑस्ट्रेलिया की टक्कर 5 बार की चैंपियन टीम इंडिया के साथ होगी।

दोनों टीमों के बीच यह फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। पूरे टूर्नामेंट में दोनों ही टीमों बेहतरीन खेला का प्रदर्शन किया है। ऐसे में उम्मीद है कि फाइनल मैच में भी काफी रोमांचक होगा। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम छठी बार अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। इस दौरान उसका दो बार भारत से सामना हुआ है। इन दोनों ही फाइनल में टीम इंडिया ने जीत हासिल की है। वहीं टीम इंडिया की बात करें तो वह 9वीं बार फाइनल खेलने मैदान पर उतरेगी। इस दौरान टीम का रिकॉर्ड बहुत ही शानदार रहा है। भारत आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में पांच चैंपियन बन चुकी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंडर-19 विश्व कप का फाइनल मुकाबला 11 फरवरी, रविवार खेला जाएगा। ऐसे में टीम इंडिया के पास मौका होगा कि वह कंगारू टीम के खिलाफ वह जीत की हैट्रिक अपने नाम करें। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में पहली भिड़ंत साल 2012 में हुई थी। इसके बाद दूसरी बार फाइनल में दोनों टीमों की टक्कर 2018 में हुई थी। दोनों ही बार टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को हराया और चैंपियन बनी। ऐसे में भारत के रिकॉर्ड की बात करें तो कंगारू टीम के खिलाफ शतक प्रतिशत है।

## टी20 वर्ल्ड कप को लेकर बड़ा अपडेट

# निदेशक बोले- कार्निवल जैसा होगा टूर्नामेंट



**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज होने में अब करीब चार महीने का समय बचा है। टूर्नामेंट निदेशक फव्वाज बख्श ने बताया कि इस मेगा इवेंट को भव्य बनाने के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। टूर्नामेंट देखने वाले दर्शकों को यहां आकर कार्निवल जैसा अनुभव होगा।

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज होने में अब करीब चार महीने का समय बचा है। इस मेगा इवेंट में पहली बार 16 की जगह 20 टीमें हिस्सा लेंगी और इसका आयोजन वेस्टइंडीज के साथ अमेरिका में भी किया जाएगा। टी20 विश्व कप 2024 के टूर्नामेंट निदेशक फव्वाज बख्श ने आईएएनएस को बताया कि इस मेगा इवेंट को भव्य बनाने के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। टूर्नामेंट देखने वाले दर्शकों को यहां आकर कार्निवल जैसा अनुभव होगा।

### वेस्टइंडीज में हमेशा पार्टी जैसा माहौल

दर्शकों को यहां ऐसा अनुभव मिलेगा, जैसा कहीं और नहीं मिला। वेस्टइंडीज में हमेशा पार्टी जैसा माहौल होने से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह एक कार्निवल हो और न केवल मैच के दिन, बल्कि मैच से पहले और बाद में भी एक मजेदार अनुभव हो। हम इस पर ही फोकस कर रहे हैं। यह एक शानदार टूर्नामेंट होने वाला है। इस टूर्नामेंट के लिए हमारे चार प्राथमिक उद्देश्य हैं। सबसे पहले, हम क्रिकेट के लिए एक ऐसा अनुभव बनाना चाहते हैं जिसका आनंद दुनिया के लाखों प्रशंसक उठा सकें। एक और बड़ा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र में सुविधाएं आईसीसी मानकों के अनुरूप हों। इसलिए पूरे क्षेत्र में सभी सुविधाओं और अमेरिका में नई सुविधाओं में सुधार होने जा रहा है। हम युवाओं को प्रेरित करने पर भी फोकस करेंगे। हम दुनिया भर में सभी को क्रिकेट से जोड़ना चाहते हैं।

## मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

# 'बॉर्डर 2' और 'गदर 3' की खबरों पर बिफरे सनी बोले- अरे कितने पार्ट-2 करूं...?


सनी देओल 'बॉर्डर', 'अपने' के सीक्वल और 'गदर 3' पर चल रही अटकलों पर बिफर गए हैं। सनी देओल ने कहा कि वह खुद ही अनाउंस करेंगे कि वह किस सीक्वल पर काम कर रहे हैं। सनी देओल अपनी फिल्मों के सीक्वल की लगातार आ रही खबरों से परेशान हैं, और हाल ही उनका इस पर गुस्सा फूट पड़ा। सनी देओल ने कहा कि वह सीक्वल की अनाउंसमेंट खुद करेंगे, पर लोग हैं कि कयास लगाना नहीं छोड़ रहे। मालूम हो कि 2023 में 'गदर 2' की ब्लॉकबस्टर रिलीज के बाद से ही 'बॉर्डर 2' और 'गदर 3' की चर्चा होने लगी। उनकी कई और फिल्मों के सीक्वल बनाए जाने की भी खबरें आईं। कहा गया है कि 'इंडियन' और 'अपने' का भी सीक्वल बनेगा। अब इस पर सनी देओल ने रिएक्ट किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी से जब उनकी फिल्मों के सीक्वल को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बारे में पूछा गया, तो उनका इरिटेशन साफ नजर आया। वह बोले, जबसे 'गदर 2' आई है, तबसे ऐसा हो रहा है। ये पार्ट 2 कर रहा हूं। वो पार्ट 2 कर रहा हूं। अरे कितनी पार्ट-2 करूं? हर चीज के रूमर्स चले जा रहे हैं। मैं खुद ही अनाउंस करूंगा। लोगों को अटकलें लगाना अच्छा लगता है।

### राजकुमार संतोषी की 'लाहौर 1947' में दिखेंगे सनी

वैसे अभी तक सनी देओल की सिर्फ एक ही फिल्म कन्फर्म है, और वह है राजकुमार संतोषी के साथ 'लाहौर 1947', जिसे आमिर खान प्रोड्यूस करेंगे। इस फिल्म को लेकर सनी देओल ने कहा, 'गदर 2' सफल रही, तो इसलिए यह फिल्म बन रही है। हम इस फिल्म पर पिछले 15-17 साल से काम कर रहे हैं, पर बात नहीं बन पा रही थी। लेकिन 'गदर 2' की सफलता ने हमारे लिए बहुत सारे दरवाजे खोल दिए हैं। राज बहुत टैलेंटेड हैं। उनके पास कई सारे सब्जेक्ट हैं। लोगों ने उन्हें और मुझे साथ में तीन फिल्में करते हुए देखा है। तीनों ही फिल्में अलग-अलग जॉनर की थीं और मास्टरपीस रहीं।



# सलमान नहीं 'जुड़वा' में लीड एक्टर गोविंदा थे, एक फोन में बदला हीरो



90 की सुपरहिट फिल्म जुड़वा में सलमान खान के डबल रोल ने धमाल मचा दिया था. लेकिन पहले सलमान का रोल दूसरे एक्टर के पास था जिसे सलमान ने रिक्वेस्ट करके मांगा था. एक किस्सा डेविड धवन की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म जुड़वा (1997) का भी है. इस फिल्म में सलमान खान का डबल रोल था. दिलचस्प बात ये है कि फिल्म में सलमान से पहले डेविड धवन ने अपने फेवरेट एक्टर को चुना था. 90 के दशक में डेविड धवन, गोविंदा और करिश्मा कपूर की तिगड़ी को किसी फिल्म के लिए सुपरहिट फॉर्मूला माना जाता था. उस दौर की लगभग सभी फिल्मों में डेविड धवन अपने फेवरेट स्टार गोविंदा को लेते थे. फिल्म जुड़वा में भी डेविड धवन ने गोविंदा को ही साइन किया और फिल्म शुरू भी हुई. लेकिन ऐसा क्या हुआ कि उसमें सलमान खान ने लीड रोल प्ले किया. चलिए आपको इस फिल्म से जुड़ा दिलचस्प किस्सा बताते हैं.

### गोविंदा बने थे 'जुड़वा' की पहली पसंद

7 फरवरी 1997 को फिल्म जुड़वा रिलीज हुई थी. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 25 करोड़ के आस-पास की कमाई की थी. डेविड धवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में गोवंदा को साइन किया गया था. बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, गोविंदा ने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र किया था. गोविंदा ने बताया था कि फिल्म जुड़वा के लिए डेविड धवन ने उन्हें चुना था लेकिन उस समय उनके पास कई फिल्में थीं और 'जुड़वा' की शूटिंग के साथ-साथ वो एक और फिल्म की शूटिंग कर रहे थे. गोविंदा ने कहा, मेरे पास उस समय बनारसी बाबू फिल्म थी जिसकी शूटिंग मैं जुड़वा के साथ कर रहा था. कुछ सीन फिल्माए भी जा चुके थे लेकिन एक रात सलमान भाई का मेरे पास फोन आया. उन्होंने मुझसे कहा कि उनके पास अभी खास काम नहीं है. तो क्या मैं एक फिल्म उन्हें दे सकता हूं क्योंकि उन्हें जुड़वा की कहानी पसंद थी. गोविंदा ने आगे कहा, मैंने तुरंत भाई को हां बोलकर अगले दिन डेविड से मुलाकत की. सलमान भाई और मैं उनके पास गए और डेविड ने सलमान को साइन कर लिया। 90 के दौर में सलमान खान की कुछ हिट लेकिन कई फ्लॉप फिल्में थीं लेकिन जुड़वा के बाद उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिले क्योंकि जुड़वा सुपरहिट हुई थी।


# 'मैं हूं ना' का सीक्वल चाहती हैं सुष्मिता सेन बोलीं- मुझे फिर से मेजर राम की मिस चांदनी बनना है...



*सुष्मिता चाहती हैं कि 'मैं हूं ना' का सीक्वल बने और उसमें वह दोबारा मिस चांदनी का रोल प्ले करें। साल 2004 में रिलीज हुई इस फिल्म में शाहरुख खान मेजर राम बने थे। एक्ट्रेस ने कहा कि अब वक्त आ गया है मैं हूं ना' का सीक्वल बनना चाहिए...*

*फिल्म सीक्वल में वह मेजर राम के ऑपोजिट दोबारा मिस चांदनी बनना चाहेंगी। वेब सीरीज 'ताली' को लेकर चर्चा बटोर रहीं सुष्मिता सेन ने कहा है कि वह 'मैं हूं ना' के सीक्वल में मेजर राम के ऑपोजिट मिस चांदनी का किरदार निभाना चाहेंगी। साल 2004 में आई 'मैं हूं ना' में शाहरुख खान ने मेजर राम का रोल प्ले किया था, जबकि सुष्मिता सेन ने टीचर चांदनी का रोल प्ले किया था। फिल्म में सुष्मिता का रोल काफी छोटा था, लेकिन शाहरुख के साथ उनकी जोड़ी खूब पसंद की गई थी। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा कि अब सीक्वल बनना चाहिए। सुष्मिता ने यह भी बताया था कि कैसे फराह ने 'मैं हूं ना' का फाइनल एडिट देखने के बाद उनसे माफी मांगी थी, क्योंकि वह फिल्म में बमुश्किल से दिखी थीं। सुष्मिता सेन ने कहा, मुझे वाकई लगता है कि अब 'मैं हूं ना' बनाने का वक्त आ चुका है। हमें सच में सीक्वल बनाना चाहिए। जब कहा गया कि 'मैं हूं ना' के सीक्वल के लिए एक पिटीशन की शुरुआत की जानी चाहिए, तो सुष्मिता ने फराह खान और शाहरुख खान के पाले में गेंद फेंक दी।*

### ग्लैमरस रोल निभाने की इच्छा



*एक्ट्रेस ने कहा, उन्होंने (फैंस) ने कोशिश की है। वो फराह, शाहरुख और मेरे पास आए थे। मैंने कहा कि फराह के पास वापस जाओ और उनसे पूछो। यह बहुत ही एक्साइटिंग होगा। सुष्मिता सेन इस वक्त ओटीटी की दुनिया में सक्रिय हैं। हाल ही उनकी सीरीज 'ताली' रिलीज हुई, और अब जल्द ही 'आर्या 3' आएगी। लेकिन सुष्मिता ने बड़े पर्दे पर वापसी में भी दिलचस्पी जाहिर की। लेकिन एक्ट्रेस चाहती हैं कि उनका रोल ग्लैमरस हो। सुष्मिता ने कहा कि उन्होंने काफी समय से एकदम फुल ग्लैमरस रोल प्ले नहीं किया है, और अब ख्वाहिश है कि ऐसा रोल मिले।*

## कलेक्टर ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

# भूख हड़ताल पर बैठे दो सिमी आतंकियों की तबीयत बिगड़ी, जेपी में किया भर्ती

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के भोपाल केंद्रीय जेल में बंद 4 आतंकी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और लगातार मनमानी कर रहे हैं। यह आंतकी मांगों को कई दिनों लेकर भूख हड़ताल बैठे हैं। गुरुवार को इनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद इनमें से दो आतंकियों अबू फैसल और कमरूद्दीन को जेल प्रशासन द्वारा जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर दूसरी ओर कलेक्टर कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने देर रात जेल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बंदियों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि सभी व्यवस्थाएं बेहतर रहती हैं। इसके बाद भी कलेक्टर ने व्यवस्था को अधिक बेहतर करने के लिए गतिविधियों को चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं।






### पहले भी कई बार भूख हड़ताल कर चुके हैं

केंद्रीय जेल में आइसोलेशन में रखे गए यह आतंकी सामूहिक नमाज पढ़ने की अनुमति देने, अंडा सेल से बाहर घूमने, न्यूज पेपर, लाइब्रेरी की सुविधा के साथ घड़ी भी मुहैया कराने जैसी मांगें कर रहे हैं। पहले भी यह कई बार भूख हड़ताल कर चुके हैं।

## अज्ञात वाहन से कुचलकर युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया इलाके में बुधवार-गुरुवार की रात अज्ञात वाहन से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक लोकेंद्र सिंह राजपूत (35) शमशाबाद जिला विदिशा का रहने वाला था। मनोरोगी होने के कारण उसके चाचा उसे इलाज के लिए बैरसिया स्थित निजी अस्पताल पहुंचे थे। रात करीब दो बजे लोकेश अपने चाचा को बाथरूम जाने का कहकर अस्पताल से बाहर निकला था। इसी बीच होंडा शोरूम के सामने उसे किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

### पुलिस लाइन नेहरू नगर में पीछे की तरफ हुई घटना

# वालीबॉल कुएं में गिरी, निकालने झुकी बारह साल की बच्ची की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर पुलिस लाइन के पीछे गुरुवार सुबह 12 साल की बच्ची कुएं में गिर गई। घटना के समय वह अकेले ही कुएं के पास खेल रही थी और उसकी बॉल कुएं में गिर गई। वह बॉल निकालने का प्रयास कर रही थी, तभी बैलेंस बिगड़ने से कुएं में जा गिरी। उसे कुएं से बाहर निकालकर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।**

पुलिस के अनुसार चंदा पिता रवि वाल्मीकि (12) मूलतः खजूरी गांव गुना की रहने वाली थी। उसके दादा काले वाल्मीकि पुलिस लाइन नेहरू नगर में पीछे की तरफ रहते हैं और प्राइवेट सफाईकर्मी हैं। वे पुलिस लाइन में साफ सफाई का काम करते हैं। करीब पंद्रह दिन पहले ही चंदा अपने दादा के घर आई थी। गुरुवार सुबह चंदा के दादा समेत परिवार के सभी लोग काम पर गए थे। चंदा घर पर अकेली थी। सुबह करीब साढ़े 10 बजे के आसपास वह वॉली बॉल खेल रही थी, तभी उसकी बॉल पास ही कुएं में गिर गई। वह बॉल निकालने के लिए कुएं के पास पहुंची और झुककर बॉल निकाल रही थी, तभी बैलेंस बिगड़ने से कुंए में गिर गई।

**महिला पुलिसकर्मी ने की मदद पर नहीं मिली कामयाबी**


फाइल फोटो

कुएं से कुछ दूरी पर हनुमान जी का मंदिर है। मंदिर में सुबह पुलिस लाइन की एक महिला पुलिसकर्मी अपने पति और बच्चों के साथ आई थी। उन्होंने बच्ची को कुएं में गिरते देखा थाऔर शोर मचाया था, लेकिन वहां कोई भी मदद के लिए मौजूद नहीं था। दंपती खुद कुएं के पास पहुंचे और रस्सी अंदर डाली और उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन सारे प्रयास असफल रहे। दंपती ने पुलिस थाने में सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। इधर घटना की जानकारी परिजन और पड़ोसियों को भी लग गई थी। पड़ोस में रहने वाले दीपक वाल्मीकि ने बताया कि किसी तरह बच्ची को कुएं से निकालकर वे हजेला अस्पताल ले गए थे। वहां प्राथमिक जांच में ही बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

## बिना हेलमेट

### मुजरिम को जेल ले जाते पुलिस



भोपाल। जहां एक तरफ पुलिस बिना हेलमेट वाहनों के चालान बनाती है। वहीं खुद इस नियम का ध्यान नहीं रखती। चित्र में एक मुजरिम को ले जाते हुए।

### गिरोह से पांच बाइक जब्त, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से आरोपी तक पहुंची पुलिस

## तीन नाबालिगों के साथ मिलकर बनाया गिरोह और चुराने लगा बाइक

**भोपाल।** जहांगीराबाद पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक युवक और उसके गिरोह में मौजूद तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के पास से चोरी की पांच बाइक जब्त की गई?है। जब्त वाहनों की कीमत करीब ढाई लाख रुपए है। उक्त बाइक आरोपियों ने एमपीनगर, हबीबगंज एवं गोविंदपुरा से चोरी की थी। गिरोह का सरगना बैरसिया थाना क्षेत्र में डकैती की योजना बनाने के मामले में फरार है। पुलिस के अनुसार वसुंधरा स्टैट बैंक कालोनी, जहांगीराबाद से एक बाइक अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की गई?थी। पुलिस ने बाइक चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया। इसके बाद रहवासियों द्वारा सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए। पुलिस ने बाइक चोरों का सुराग लगाने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और सीसीटीवी का रूटमेप बनाकर अर्जुन नगर मैदामिल निवासी आदिल पिता शाकिर (23) की पहचान की गई। 30 जनवरी 2024 से आदिल पर पुलिस नजर रखे हुए थी। आदिल से वसुंधरा कालोनी में रात में आने का कारण पूछा गया तो उसने पहले झूठी कहानी बनाई फिर बाद में बाइक चोरी करनी स्वीकार ली। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के तो उसने बताया कि तीन नाबालिगों के साथ उसने गिरोह बनाया था और बाइक चोरी करने लगा था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की पांच बाइक जब्त की है। आरोपी बाइक चुराने के बाद उसे सुनसान इलाके में खड़ी कर देते थे।


फाइल फोटो

## गुनगा में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।



पुलिस के मुताबिक नानोर अहिरवार (45) ग्राम ललरिया थाना बैरसिया का रहने वाला था। फिलहाल वह गुनगा थानांतर्गत ग्राम हर्राखेड़ा में रहता था और मजदूरी करता था। गुरुवार दोपहर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी। बताया जाता है कि मृतक पहले भी खुदकुशी की कोशिश कर चुका था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मेट्रो एंकर**

### कुकर बम और दैनिक उपयोग समेत अन्य सामग्री बरामद

# बालाघाट में हॉकफोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, सामान छोड़कर भागे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान नक्सलियों पर निरंतर कार्रवाई के क्रम में मप्र पुलिस की हॉकफोर्स को एक और बड़ी सफलता मिली है। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अन्तर्गत चकरवाहा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग कर रही कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। कोबरा 207 और हॉकफोर्स द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से नक्सली घने जंगल में भाग गए। इस मुठभेड़ में कोबरा 207 और हॉकफोर्स का कोई भी जवान हताहत नहीं हुआ। नक्सलियों के पास से पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के उदेश्य से बनाए गए कुकर बम को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त यहां से सर्चिंग टीम ने भारी मात्रा में नक्सलियों द्वारा उपयोग की जाने वाली दैनिक सामग्री, दवाइयां आदि भी बरामद किए। सर्चिंग टीम द्वारा जंगलों में नक्सलियों की तलाश की जा रही है।

### कुछ इस तरह चला घटनाक्रम

जंगल क्षेत्र में 15 से 20 माओवादियों की उपस्थिति की सूचना कोबरा 207 और हॉकफोर्स को मिली थी। तब नक्सल विरोधी अभियान के तहत कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त सर्चिंग टीम जंगल में माओवादियों की तलाश में निकली। तकरीबन 9 बजे चकरवाहा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन की कार्यवाही के दौरान माओवादियों ने सर्चिंग पार्टी पर फायरिंग की। पुलिस सर्चिंग पार्टी की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गई। जवाबी कार्रवाई से डरकर माओवादी घने जंगल में भाग गए। घटना उपरांत हॉकफोर्स की पार्टी द्वारा घटनास्थल पर सर्चिंग की गई। यहां से कुकर बम, नक्सल टेंट, बैटरी, वायर, दवाइयां, कुल्हाड़ी, खाना बनाने के बर्तन, तिरपाल सहित भारी मात्रा में दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री बरामद कर नक्सलियों को आर्थिक एवं सामरिक रूप से नुकसान पहुंचाया है। वर्तमान में पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों के द्वारा गहन सर्चिंग की जा रही है।



### माओवादियों पर लगातार की जा रही कार्रवाई

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सल उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों के तहत वर्ष 2023 में तीन बड़ी कार्रवाई की गई हैं। इन कार्रवाइयों में हॉकफोर्स ने 2 महिला नक्सलियों सहित 4 हार्डकोर नक्सलियों को धराशायी किया है। इन सभी नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संयुक्त रूप से 14-14 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# जेजे शादी हॉल के पास युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित जेजे शादी हॉल के पास दो बदमाशों ने एक युवक से मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर दिया।

चाकू युवक के बांए हाथ में चाकू लगने से उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक के भाई की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार साद खान (18) जेजे शादी हॉल के पास जहांगीराबाद में रहता है। वह प्राइवेट काम करता है। उसके भाई जुनैद खान ने पुलिस को बताया कि गुरुवार शाम करीब साढ़े 4 बजे के आसपास साद जेजे शादी हॉल के पास खड़ा था, तभी अहमद खान और उसके साथी से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

कहासुनी बढ़ने पर आरोपियों ने साद पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का हमला बांए हाथ से रोकने के कारण उसे गंभीर चोट आई है। हमलावर अहमद खान और उसके साथी, साद के दोस्त के दोस्त हैं।

## दूरसंचार मुख्यालय में भोपाल जोन के थाना प्रभारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पुलिस दूरसंचार मुख्यालय में गुरुवार को भोपाल जोन के सभी जिलों के थाना प्रभारियों का डायल 100 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोपाल जोन के सभी जिलों से 75 थाना प्रभारी एवं सभी जिलों के पुलिस रेडियो प्रभारी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डायल-100 बीना सिंह ने डायल-100 सेवा के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। थाना प्रभारियों को पुलिस अधीक्षक रेडियो भोपाल जोन शशांक गर्ग ने डायल-100 सेवा पर आपत्तिजनक भाषा का उपयोग करने एवं झूठी सूचना देने वाले शरारती तत्वों पर कार्यवाही करने की जानकारी दी गई। टीम डायल-100 द्वारा पोर्टल के माध्यम से संसाधनों को सर्वोत्तम उपयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने एफआरव्ही वाहन में उपलब्ध एमडीटी (मोबाईल डाटा टर्मिनल) का संचालन तथा नेटव्यूअर के माध्यम से उनके क्षेत्रों की डायल-100 पर प्राप्त सूचनाओं पर डायल-100 स्टाफ द्वारा की गई कार्यवाही का फीडबैक भरने संबंधी सभी कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक डायल-100 धर्मवीर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक रेडियो संजय नामदेव, अनिल कुस्तवार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेडी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022